हिन्दी सांध्य दैनिक

# प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 www.prakharpurvanchal.com Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्षः 8, अंकः 273, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 5 अप्रैल, 2024 दिन शुक्रवार गाजीपुर/वाराणसी

## नौकरी के नाम पर गरीबों की जमीन ले लेते थे, रोड नहीं बनने देते थे : मोदी

### प्रधानमंत्री का लालू पर हमला, यह लोग जनता के पैसे लूट लेते थे



पटना। "आज बिहार के 85 लाख से ज्यादा किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि का लाभ मिल रहा है। जमुई में ही किसानों को इस योजना के तहत 850 करोड़ रुपये से अधिक उनके बैंक खाते में पहुंचे हैं। यह घमंडिया गठबंधन की सरकार होती तो क्या आपके खाते में सीधे पैसे भेजने की योजना बनती क्या? यह लोग आपके पैसे लूट लेते और आपसे हस्ताक्षर करवा लेते कि पैसा मिल गया है। एक-दूसरे को जेल में बंद करने की मांग करने वाले आपको डरा रहे हैं कि मोदी आया....! भ्रष्टाचारी कान खोलकर सुन लें, यह मोदी नहीं आया। 140 करोड़ देशवासियों का गुस्सा निकल कर आया है।" प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इन शब्दों के साथ राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव के बेटे तेजस्वी यादव को सीधा जवाब दिया। उन्होंने कहा कि उनके समय गरीबों को नौकरी देने के नाम पर जमीन लिखवा ली जाती थी। नीतीश जी भी रेल मंत्री थे, उनपर तो कभी ऐसा दाग नहीं लगा। जिनकी पहचान अपहरण उद्योग की रही, वह सड़क नहीं बनने देते थे। वह बिहार को लालटेन युग में रखना चाहते हैं, जबकि हम नीतीश कुमार के साथ रहकर बिहार में सड़क और हाइवे बना रहे हैं।

**जंगलराज से राम मंदिर तक की बात की–** प्रधानमंत्री मोदी ने बिहार में जंगलराज से लेकर राम मंदिर तक की बात की। उन्होंने कहा कि जंगलराज में बेटियां बाहर नहीं निकल पाती थीं। उठा ली जाती थीं। कुछ भी अच्छा नहीं होने दिया जाता था। अपहरण ही उद्योग था। प्रधानमंत्री ने अयोध्या के राम मंदिर की चर्चा करते हुए कहा कि "राजद-कांग्रेस ने राम मंदिर को बनने से रोकने में पूरी ताकत लगा दी थी। आज भी यह लोग राम मंदिर का उपहास करते हैं। इन्होंने हर मौके पर बिहार और बिहार गौरव का अपमान किया है। यही लोग कपूरी ठाकुर का अपमान करते थे। हमारी सरकार ने बिहार के गौरव कपूरी ठाकुर को भारत रत्न दिया तो इन लोगों ने विरोध किया। इन्हीं लोगों ने रामनाथ कोविंद जी को राष्ट्रपति बनाने का विरोध किया। आदिवासी महिला द्रौपदी मुर्मु जी को राष्ट्रपति बनाने का विरोध किया था।"

**अब बिहार में दंगे नहीं होते, इसलिए भटकना नहीं है – नीतीश :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज लोकसभा चुनाव 2024 का आगाज करने जमुई पहुंचे। इस मौके पर वहां मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और चिराग पासवान के साथ साथ कई बड़े बड़े चेहरे भी वहां मौजूद थे। इस मौके पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राष्ट्रीय जनता दल पर जमकर हमला किये। उन्होंने राजद सरकार के जमाने को भी याद कराया। इस दौरान उन्होंने कहा कि उस समय कितने दंगे होते थे, याद कीजिए। उन्होंने 2005 के पहले के बिहार की याद दिलाई और आह्वान किया कि 2024 के चुनाव में एनडीए को हर सीट पर जिताएं। सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि जननायक कपूरी ठाकुर को आपने भारत रत्न दे दिया। इसके लिए हमलोग लगातार मांग कर रहे थे। मैं आपका स्वागत करता हूं। 2005 से पहले शाम में कोई घर से बाहर नहीं निकल पाता था। आज वह लोग बहुत बातें कर रहे हैं। 15 साल तक उनलोगों को मौका मिला लेकिन क्या किया। 2005 के बाद हमलोग आए तो शाम और रात में लड़का और लड़की घर से बाहर निकालते हैं। तेजस्वी पर निशाना साधते हुए कहा कि हमलोगों के काम को अपना काम बता रहा है। हम कुछ दिन के लिए साथ क्या गए सारे काम को अपना बताने लगा।

## आसपा प्रमुख चंद्रशेखर को मिली गोली से मारने की धमकी

सहारनपुर। उत्तर प्रदेश की नगीना सीट से लोकसभा चुनाव लड़ रहे भीम आर्मी प्रमुख एवं आजाद समाज पार्टी के संस्थापक चंद्रशेखर को गोली मारने की धमकी दी गई है। मामले की शिकायत लेकर आसपा जिला अध्यक्ष करणवीर सिंहशाहिद के दर्शन कार्यकर्ता एसपी से मिलने पुलिस लाइन पहुंचे।जिला अध्यक्ष करणवीर सिंह ने बताया कि सोशल मीडिया पर एक ऑडियो वायरल हो रहा है, जो पार्टी तक भी पहुंचा है। ऑडियो में एक युवक चंद्रशेखर को गोली मारने की बात कह रहा है। धमकी देने वाला कौन है? कहां का है? यह साफ नहीं है लेकिन उसका मोबाइल नंबर पकड़ में आ रहा है। मामले में एसएसपी डॉ. विपिन ताड़ा को ऑडियो सहित शिकायती पत्र दिया जा रहा है। बता दें कि करीब आठ महीने पहले चंद्रशेखर पर हमला हो चुका है, जिसमें उन पर गोली चलाई गई थी जो उनको छूते हुए निकली थी। घटना में चार आरोपी को गिरफ्तार किया गया था। इसके अलावा कुछ दिन पहले ही मेरठ के किसी व्यक्ति ने चंद्रशेखर को जान से मारने की धमकी दी थी जिसके बाद चंद्रशेखर को पिछले सप्ताह ही वाई श्रेणी की सुरक्षा दी गई है।

## राम आए हैं, कृष्ण भी आएंगे : योगी



मथुरा। उत्तर प्रदेश के मथुरा में बृहस्पतिवार को सीएम योगी आदित्यनाथ पहुंचे। सीएम पद की शपथ लेने के बाद वह 39वीं बार सीएम मथुरा पहुंचे। यहां उन्होंने भाजपा प्रत्याशी हेमा मालिनी के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। सीएम ने विपक्ष को निशाने पर रखकर, सरकार की योजनाएं और उपलब्धियां गिनाईं। जनसभा को संबोधित करते हुए सीएम ने कहा कि मथुरा-वृंदावन की भूमि 'कल' की भूमि है। भगवान कृष्ण के बारे में कहा जाता है कि उन्होंने 16 कलाओं के साथ अपना अवतार लिया था। 'कल' का सम्मान करने के लिए इससे अच्छी भूमि और कोई नहीं हो सकती है। इसीलिए, भारत की सिनेमा जगत की प्रतिष्ठित अभिनेत्री हेमा मालिनी को भाजपा ने यहां से तीसरी बार चुनावी मैदान में उतारा है। कहा कि हेमा मालिनी ने भारत की नृत्य संस्कृति, सिने संस्कृति को पूरे जगत में पहचान दिलाई है। कांग्रेसियों को यह बात बुरी लगती है। उनको भगवान भी बचा पाएगा या नहीं उसको लेकर संदेह होता है। दूसरे चरण की नामांकन प्रक्रिया आज पूरी होने जा रही है। चुनाव युद्ध स्तर पर आगे बढ़ रहा है। विकास और संस्कृति की चर्चा पूर्व के कार्यक्रम में की। कहा कि चारों ओर एक ही आवाज आ रही है। हर मन में एक ही बात है कि इस बार फिर से मोदी को प्रधानमंत्री बनाना है। पहली बार भारत में भारतवासियों ने देखा है कि उनकी समृद्धि राष्ट्रीय स्वाभिमान के लिए सरकार काम कर रही है। विश्व स्तरीय इंफ्रा स्ट्रक्चर से लेकर गरीब कल्याण योजनाओं भारतीय संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए मोदी ने पिछले 10 साल से काम किया। जबकि, 60 वर्ष राज करने वाले कांग्रेस पार्टी ने कोई विकास कार्य नहीं किया। काशी विश्वनाथ में मोदी के राज में कॉरिडोर बना। कांग्रेस में उसके विषय में कभी सोचा नहीं था। कहा कि जनता ने कांग्रेस और सपा को भी अवसर दिया। बसपा को भी अवसर दिया। मगर, सभी पार्टियों ने जनता को ठगा। ब्रज का विकास भी भारतीय जनता पार्टी की सरकार में हुआ है। अयोध्या के लिए 500 वर्षों का इंतजार किया, मगर संघर्ष से कभी पीछे नहीं हटे। मथुरा का मामला भी कोर्ट में है, निश्चित रूप से सफलता मिलेगी। राम आए हैं, कृष्ण भी आएंगे। उन्होंने कहा कि अयोध्या में पहले मथुरा-वृंदावन की तरह कुंज गालियां थीं। आज वहां पर फोरलेन और सिक्सलेन के हाईवे हैं। अयोध्या में राम मंदिर बनने के बाद वहां हर वर्ग खुश है। वहां समृद्धि आई है। रोजगार के अवसर पैदा हुए हैं। कई गुना लोगों की आमदनी बढ़ गई है। भाजपा ने पहले ही कहा था कि काशी और अयोध्या में जो कार्य करना है, उसको लाइनअप किया है। कहा कि अब लोगों को पूरा फोकस ब्रज भूमि पर करना है। यमुना मैय्या की शुद्धिकरण से लेकर मथुरा-वृंदावन के कुंडो के संरक्षण का काम भाजपा सरकार करेगी। हेमा मालिनी तीसरी बार रिकार्ड मतों से जीत कर संसद में जाएंगी। कहा कि अयोध्या, काशी, मथुरा में सबसे पहले चुनाव मथुरा में हो रहा है। यहीं से संदेश भी जाना चाहिए। मथुरा का संदेश पूरे उत्तर प्रदेश के लिए स्पष्ट होना चाहिए कि काशी का काम हो गया है, अयोध्या में रामलला विराजमान हो गए हैं, अब मथुरा की बारी है। प्रधानमंत्री मोदी ने जिस विकसित भारत की संकल्पना को लोगों के सामने रखा है। उसे विकसित भारत के लिए विकसित उत्तर प्रदेश और उसे विकसित उत्तर प्रदेश के लिए विकसित मथुरा का होना बहुत जरूरी है। सरकार के पास जो संभावना होगी, उसी में विकास कराया जाएगा।

## पूर्णिया से नामांकन कर पप्पू यादव ने की अजीब मांग, बोले- हमारा लक्ष्य है कोसी और सीमांचल की आजादी



पूर्णिया। आजादी... आजादी...! यह नारा एक समय जवाहर लाल नेहरु विश्वविद्यालय में खूब चर्चित रहा था। अब कांग्रेस नेता और पूर्णिया लोकसभा सीट से निर्दलीय नामांकन दाखिल करने वाले राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव ने कुछ ऐसी ही बात कह दी है। उन्होंने नामांकन दाखिल करने के बाद कहा कि उनका लक्ष्य कोसी और सीमांचल की आजादी है। उन्होंने इस 'आजादी' पर आगे बात नहीं की और कहा कि वह कांग्रेस को आगे बढ़ाना चाहते हैं। कांग्रेस के साथ हैं। पप्पू यादव का नामांकन और यह बयान उस दिन हुआ है, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बिहार में थे और एक दिन पहले इसी सीट पर महागठबंधन की ओर से राष्ट्रीय जनता दल की प्रत्याशी बीमा भारती के नामांकन के बाद तेजस्वी यादव ने जनसभा कर कहा था कि राजद उम्मीदवार के खिलाफ नामांकन करने वाला हरेक व्यक्ति भाजपा के साथ है। पप्पू यादव ने कहा कि मुझे कांग्रेस का समर्थन प्राप्त है। मैंने अपनी पार्टी को विलय कर लिया था इसलिए निर्दलीय चुनाव लड़ना पड़ रहा है। जब मेरी भावना कांग्रेस में समर्पित है और मुझे कांग्रेस परिवार से अलग करने की कोशिश की गई। पप्पू यादव ने स्पष्ट कहा कि मरने दम तक मुझे कोई कांग्रेस परिवार से अलग नहीं कर सकता। पप्पू यादव के कहा कि पूर्णिया से गरीबी मिटाना, हर परिवार के बच्चों की खुश रखने का मेरा संकल्प है। हर परिवार के लिए जीने और कोसी-सीमांचल को बिहार में नंबर बनाने का मेरा लक्ष्य है। हर तरह के भ्रष्टचार को मिटाना मेरा लक्ष्य है। पप्पू यादव ने कहा कि मुझे जनता का आशीर्वाद मिल चुका है। बिना नाम लिए लालू-तेजस्वी पर हमला बोलते हुए पप्पू यादव ने कहा कि जिस किसी ने मेरे पॉलिटिकल डेथ की कोशिश की। और जिसने परिवार के पीछे नफरत दिखाया। मुझे समझ नहीं आया कि यह कैसी नफरत थी? कांग्रेस के उम्मीदवार के जिताने के लिए मेरे उम्मीदवार हर परिस्थिति काम करेंगे। पूर्णिया बिहार में जातीय उन्माद और नफरत को खत्म करेगा। चार जून के बाद पूर्णिया को दुनिया के मानचित्र पर लाना मेरा संकल्प होगा।

## मैनपुरी से चुनाव लड़ने पर भाजपा नेता अपर्णा यादव ने तोड़ी चुप्पी... राहुल-प्रियंका पर भी रहीं हमलावर



लखनऊ। भाजपा नेता अपर्णा यादव ने सपा के गढ़ मैनपुरी सीट पर चुनाव लड़ने को लेकर कहा कि पार्टी के वरिष्ठ नेता जो कहेंगे मैं वही करूंगी। कांग्रेस पर हमलावर होते हुए उन्होंने कहा कि महिला अस्मिता व महिला सम्मान को चोट पहुंचाना भाजपा की पुरानी संस्कृति है। भाजपा महिलाओं का सम्मान करती है और उनका सशक्तिकरण करती है। महिलाओं का अपमान करना कांग्रेस के डीएनए में है। भाजपा के प्रदेश कार्यालय में मीडिया से बातचीत करते हुए उन्होंने हेमा मालिनी पर रणदीप सुरजेवाला की टिप्पणी की कड़े शब्दों में निंदा की। उन्होंने चुनाव आयोग से अपील की है कि इनकी टिप्पणी का संज्ञान लेते हुए सुरजेवाला के खिलाफ पर कार्रवाई करे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के कई नेता इस तरह के बयान देते आए हैं। अपर्णा ने कहा सुप्रिया श्रीनेत ने कंगना रनौत पर गलत टिप्पणी की है। कांग्रेस आईटी सेल से जुड़े लोगों पर भी महिलाओं के प्रति अपमानजनक व्यवहार के उदाहरण सामने आए हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता पहले महिलाओं का अपमान करते हैं और बाद में माफी मांगते है। उनका यह रवैया कांग्रेस क दोहरा चरित्र को दशार्ता है। कहा कि देश की मातृशक्ति इसका जवाब 2024 के लोकसभा चुनाव में देगी। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव के दौरान प्रियंका गांधी के मंच से लड़की हूं लड़ सकती हूं का नारा दिया गया था लेकिन उन्हीं के कार्यक्रमों में महिला अस्मिता को चोट भी पहुंचाई गई। ये महिला उत्थान के लिए नहीं खबर में बने रहने के लिए काम करते हैं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी व प्रियंका गांधी के बारे में उन्होंने कहा कि ये लोग हमेशा झूठ और लोगों को गुमराह करने की बात करते हैं। इनका सच अब उजागर हो रहा है। ये लोग लड़ने की स्थिति में नहीं हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा अमेठी और रायबरेली में भी हारेगी।

## बैलिस्टिक मिसाइल अग्नि प्राइम का सफल परीक्षण सीडीएस और सेना के शीर्ष अधिकारी भी रहे मौजूद



नई दिल्ली। भारतीय सेना की स्ट्रैटेजिक फोर्सेस कमांड ने डीआरडीओ के साथ मिलकर नई पीढ़ी की बैलिस्टिक मिसाइल अग्नि प्राइम का सफल परीक्षण किया। यह परीक्षण ओडिशा के डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप पर कल शाम करीब सात बजे किया गया। यह मिसाइल परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम हैं। इंटीग्रेटेड गाइडेड मिसाइल डेवलेपमेंट प्रोग्राम के तहत अग्नि प्राइम मिसाइल को देश ही में विकसित किया गया है। इससे पहले बीते साल 7 जून को भी डीआरडीओ ने अग्नि प्राइम मिसाइल का सफल परीक्षण किया था।

**रक्षा मंत्री ने सफल परीक्षण पर दी बधाई–** रक्षा मंत्रालय ने बताया कि परीक्षण के दौरान अग्नि प्राइम मिसाइल ने अपने सभी मानकों और उद्देश्यों को पूरा किया। परीक्षण के दौरान विभिन्न सेंसर लगाए गए थे, जिनमें मिसाइल परीक्षण से संबंधित डाटा इकट्ठा किया गया। मिसाइल परीक्षण के दौरान सीडीएस जनरल अनिल चौहान, स्ट्रैटेजिक फोर्सेस कमांड के प्रमुख समेत डीआरडीओ के कई वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। अग्नि मिसाइल के सफल परीक्षण पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने डीआरडीओ, स्ट्रैटेजिक फोर्सेस को बधाई दी। रक्षा मंत्री ने कहा कि मिसाइल के सफल परीक्षण से सुरक्षा बलों को मजबूती मिलेगी। सीडीएस जनरल अनिल चौहान और डीआरडीओ के चेयरमैन समीर वी कामत ने भी अग्नि प्राइम मिसाइल के सफल परीक्षण पर बधाई दी। अग्नि प्राइम बैलिस्टिक मिसाइल एक मध्यम दूरी की मिसाइल है, जिसकी रेंज करीब 1200-2000 किलोमीटर के बीच है। यह मिसाइल अपनी सटीकता के लिए जानी जाती है। यह मिसाइल परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम है। इस मिसाइल पर 1500 से 3000 किलो तक वॉरहेड ले जाए जा सकते हैं। इस मिसाइल का वजन करीब 11 हजार किलोग्राम है। अग्नि मिसाइल सीरीज की यह सबसे नई और छठी मिसाइल है। इंटीग्रेटेड गाइडेड मिसाइल डेवलेपमेंट प्रोग्राम के तहत इस मिसाइल को विकसित किया गया है। इस प्रोग्राम के तहत पृथ्वी, अग्नि, त्रिशूल, नाग और आकाश जैसी मिसाइलें विकसित की गई हैं।

## कांग्रेस से इस्तीफा देकर गौरव वल्लभ भाजपा में शामिल, बोले- सनातन विरोधी नारे नहीं लगा सकता

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता गौरव वल्लभ ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। इसके थोड़ी देर बाद ही वे दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी के मुख्यालय पहुंचे और भाजपा का दामन थाम लिया। इससे पहले उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी आज जिस प्रकार से दिशाहीन होकर आगे बढ़ रही है,उसमें मैं खुद को सहज महसूस नहीं कर पा रहा। मैं न तो सनातन विरोधी नारे लगा सकता हूं और न ही सुबह-शाम देश के वेल्थ क्रिएटर्स को गाली दे सकता। इसलिए मैं कांग्रेस पार्टी के सभी पदों व प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे रहा हूं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को लिखे पत्र में वल्लभ ने लिखा, 'नमस्कार! भावुक हूं। मन व्यथित है। काफी कुछ कहना चाहता हूं। लिखना चाहता हूं। बताना चाहता हूं, लेकिन मेरे संस्कार ऐसा कुछ भी कहने से मना करते हैं, जिससे दूसरों को कष्ट पहुंचे। फिर भी मैं आज अपनी बातों को आपके समक्ष रख रहा हूं, क्योंकि मुझे लगता है कि सच को छिपाना भी अपराध है और मैं अपराध का भागी नहीं बनना चाहता। गौरव वल्लभ ने आगे लिखा, 'महोदय, मैं वित्त का प्रोफेसर हूं। कांग्रेस पार्टी की सदस्यता हासिल करने के बाद पार्टी ने राष्ट्रीय प्रवक्ता बनाया। कई मुद्दों पर पार्टी का पक्ष दमदार तरीके से देश की महान जनता के समक्ष रखा, लेकिन पिछले कुछ दिनों से पार्टी के स्टैंड से असहज महसूस कर रहा हूं। जब मैंने कांग्रेस पार्टी ज्वाइन किया तब मेरा मानना था कि कांग्रेस देश की सबसे पुरानी पार्टी है, जहां पर युवा, बौद्धिक लोगों की, उनके आइडिया की कद्र होती है, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में मुझे यह महसूस हुआ कि पार्टी का मौजूदा स्वरूप नए आइडिया वाले युवाओं के साथ खुद को एडजस्ट नहीं कर पाता। पार्टी का ग्राउंड लेवल कनेक्ट पूरी तरह से टूट चुका है, जो नए भारत की आकांक्षा को बिल्कुल भी नहीं समझ पा रही है। जिसके कारण न तो पार्टी सत्ता में आ पा रही और न ही मजबूत विपक्ष की भूमिका ही निभा पा रही हैं। इससे मेरे जैसा कार्यकर्ता हतोत्साहित होता है।


## भाजपा ने वीडियो तोड़-मरोड़कर किया पेश, किसी का अपमान करने का नहीं था इरादा; अपनी टिप्पणी पर बोले रणदीप सुरजेवाला



नई दिल्ली। भाजपा सांसद हेमा मालिनी के खिलाफ अपने कथित आपत्तिजनक बयान पर भारतीय जनता पार्टी के नेताओं की आलोचना का सामना करने के बाद, कांग्रेस नेता रणदीप सुरजेवाला ने गुरुवार को स्पष्ट किया कि उनका कभी भी अभिनेता-राजनेता का अपमान या चोट पहुंचाने का इरादा नहीं था। सुरजेवाला का स्पष्टीकरण भाजपा के आईटी विभाग के प्रमुख अमित मालवीय द्वारा एक्स पर एक वीडियो साझा करने और कांग्रेस सांसद पर हेमा मालिनी के बारे में कुछ आपत्तिजनक टिप्पणी करने का आरोप लगाने के बाद आया है। मालवीय ने एक्स पर पोस्ट किया, कांग्रेस सांसद रणदीप सुरजेवाला ने एक घृणित महिला विरोधी टिप्पणी की, जो न केवल हेमा मालिनी, बल्कि सामान्य रूप से महिलाओं के लिए अपमानजनक है। वह पूछते हैं कि हम विधायक क्यों बनाते हैं? ताकि वो अपनी आवाज उठा सकें और हमारी बात मनवा सकें। क्या कोई हेमा मालिनी है जो चाटने के लिए बनी हो?' महिलाओं को चाटने की चीज कौन समझता है? यह सबसे घृणित वर्णन है जो कोई भी कर सकता है। अभी एक दिन पहले ही सुरजेवाला के सहयोगी एक और बीजेपी महिला नेता का 'रेट' पूछ रहे थे और अब ये... ये है राहुल गांधी की कांग्रेस। यह स्त्रीद्वेषी है और महिलाओं से घृणा करता है। इसका जिक्र करते हुए सुरजेवाला ने कहा कि भाजपा नेता द्वारा पोस्ट किया गया वीडियो मोदी सरकार की युवा विरोधी, किसान विरोधी, गरीब विरोधी नीतियों और भारत के संविधान को नष्ट करने की साजिश से देश का ध्यान भटकाने के लिए संपादित, विकृत और साझा किया गया है। उन्होंने कहा, बीजेपी के आईटी सेल को फर्जी खबरों को संपादित करने, विकृत करने और फैलाने की आदत हो गई है ताकि वह देश को मोदी सरकार की युवा विरोधी, किसान विरोधी, गरीब विरोधी नीतियों, विफलताओं और भारत के संविधान को नष्ट करने की साजिश से विचलित कर सके। कांग्रेस नेता ने कहा, पूरा वीडियो सुनें- मैंने कहा, हम हेमा मालिनी का भी बहुत सम्मान करते हैं क्योंकि उन्होंने धर्मेंद्र जी से शादी की है और हमारी बहू हैं। बीजेपी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए सुरजेवाला ने कहा, भाजपा के महिला विरोधी प्यादों को इस वीडियो को काटने का आदेश दिया गया, लेकिन इन्हीं प्यादों ने कभी प्रधानमंत्री से नहीं पूछा कि उन्होंने - हिमाचल में "50 करोड़ की गर्लफ्रेंड" क्यों कहा? संसद में एक महिला सांसद को "शूर्पणखा" क्यों कहा गया? एक महिला सीएम को इतने अभद्र तरीके से क्यों ट्रोल किया गया? क्या "कांग्रेस की विधवा" कहना सही है? क्या कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व को "जर्सी गाय" कहना सही है? मेरा कथन केवल इतना था कि सार्वजनिक जीवन में हर किसी को जनता के प्रति जवाबदेह होना चाहिए, चाहे वह नायब सैनी जी हों, खट्टर जी हों या मैं। हर कोई अपने काम के आधार पर उठता या गिरता है; जनता सर्वोच्च है और उन्हें अपनी पसंद चुनने में अपने विवेक का उपयोग करना होगा।

## मदरसा बोर्ड को भंग करने के मामले में सुप्रीम कोर्ट जाएगी यूपी सरकार, राजभर बोले- अन्याय नहीं होने देंगे

लखनऊ। यूपी के अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने कहा कि प्रदेश में जो मदरसे मानकों के अनुरूप काम कर रहे हैं वो चलते रहेंगे। हाईकोर्ट ने धार्मिक शिक्षा देने वाले मदरसों के संबंध में निर्णय दिया था। उन्होंने कहा कि इन मदरसों में पढ़ने वाले छात्रों और शिक्षकों को आसपास के अन्य स्कूलों में समायोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मदरसा बोर्ड के मामले पर यूपी सरकार सुप्रीम कोर्ट जाएगी और अपना पक्ष रखेगी। बता दें कि बीते दिनों इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मदरसा बोर्ड को अवैध बताते हुए इसे भंग करने का आदेश दे दिया था। अब मामले में यूपी सरकार हाईकोर्ट में अपना पक्ष रखेगी। राजभर ने कहा कि किसी के साथ अन्याय नहीं होगा। वहीं, सपा द्वारा मेरठ व बागपत में बार-बार प्रत्याशी बदलने और रामपुर में नामांकन को लेकर हुए घमासान पर राजभर ने मजाकिया लहजे में कहा कि सपा हमारी मदद कर रही है। भाजपा प्रदेश की सभी 80 सीटों पर जीत दर्ज करेगी। राजभर ने कांग्रेस द्वारा अमेठी व रायबरेली में प्रत्याशी घोषित न करने को लेकर कहा कि वो जानते हैं कि यहां से जीत नहीं मिलने वाली है इसलिए अभी तक प्रत्याशी घोषित नहीं कर सके हैं। इन दोनों सीटों पर भी भाजपा ही जीत दर्ज करेगी।



## संपादकीय

### दाग का राग

पिछले साढ़े सात दशक के भारतीय लोकतंत्र में राजनीतिक पराभव के अक्स गाहे-बगाहे उजागर होते रहते हैं। सत्ता के खेल जो विद्रूप न दिखा दें वो कम ही है। सत्ता केंद्रित राजनीति ने भ्रष्टाचार और पाक-साफ होने की अपनी-अपनी परिभाषा गढ़ ली है। कल तक विपक्ष में जो नेता दागदार होते थे, सतारूढ़ दल में शामिल होने के बाद कहा जाता है कि ये दाग अच्छे हैं। सफाई की इस कार्रवाई में निगरानी करने वाली संवैधानिक एजेंसियों की खामोशी भी विचलित करती है। ऐसे तमाम सवाल इस देश के नागरिकों को उद्वेलित करते रहते हैं कि आखिर ऐसा क्या हो जाता है कि दागी नेता सत्ता की धारा में डुबकी लगाकर दूध का धुला घोषित हो जाता है। विपक्षी नेता आरोप लगाते रहे हैं कि सत्तारूढ़ दल को दाग धोने वाली वॉशिंग मशीन बना लिया गया है। जिसके चलते नियामक संस्थाओं से ड्राइक्लीनिंग की चिट हासिल हो जाती है। विपक्ष के ऐसे तमाम आरोपों की तार्किकता हाल में आई एक रिपोर्ट दशार्ती है। जिसमें कहा गया है कि वर्ष 2014 के बाद भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच का सामना कर रहे 25 विपक्षी नेताओं के सत्तारूढ़ दल में शामिल होने के बाद उनमें से 23 को राहत मिल गई है। इनमें से तीन मामले बंद हो गए हैं और बीस की जांच रुकी हुई है। दलील दी जा रही है कि जांच बंद नहीं हुई है, आवश्यकता पड़ने पर कार्रवाई की जाएगी। यूं तो जब ये नेता विपक्ष में होते हैं और जांच एजेंसियां उन पर कार्रवाई करती हैं तो सत्तारूढ़ दल की दलील होती है कि कानून अपना काम करता है। जबकि विपक्षी नेताओं का आरोप रहता है कि यह प्रक्रिया तभी तक चलती है जब तक यह राजनीति से प्रेरित न हो। उल्लेखनीय है कि भाजपा में जो पच्चीस राजनेता शामिल हुए हैं उनमें सभी राजनीतिक दलों के नेता हैं। जिसमें कांग्रेस, राकांपा, शिवसेना, टीएमसी, टीडीपी, एसपी और वाईएसआर कांग्रेस के नेता शामिल हैं। विडंबना है कि राजनीतिक निष्ठा बदलना इन नेताओं के लिये राहतकारी साबित हुआ है। वजह यह कि इन नेताओं से जुड़े बीस मामले ठंडे बस्ते में डाल दिये गए हैं। दलील यह दी जाती है कि मामले बंद नहीं हुए हैं, जरूरत पड़ी तो जांच और कार्रवाई भी होगी। जो विपक्ष के उन आरोपों की पुष्टि करते हैं कि यह कार्रवाई राजनीतिक दुराग्रह के रूप में की जाती रही है। यही वजह है कि दल बदलने का फैसला राहत का रास्ता मान लिया जाता है। ऐसे में आम आदमी के मन में सवाल उठना स्वाभाविक है कि अचानक जांच एजेंसियां निष्क्रिय क्यों हो जाती हैं? क्यों किसी एजेंसी को लेकर अदालत को कहना पड़ता है कि फलां एजेंसी पिंजरे में बंद तोता है और मालिक की बोली बोलता है। विपक्ष तो आरोप लगाता रहता है कि केंद्र में सत्ता परिवर्तन के बाद से ईडी और सीबीआई ने मुख्यतः बड़े राजनेताओं के खिलाफ ही कार्रवाई की है। यही वजह है कि विपक्ष सत्ता पक्ष को ऐसी वॉशिंग मशीन की संज्ञा देता है जिसमें कथित दागों की धुलाई हो जाती है। तब उन्हें कानूनी कार्रवाई का सामना नहीं करना पड़ता। ऐसा भी नहीं है कि तमाम ऐसी कार्रवाई सिर्फ केंद्र में राजग सरकार के दौरान ही हुई हो। यूपीए सरकार के दूसरे कार्यकाल में सपा-बसपा के साथ संबंध सुधरने के बाद सीबीआई ने इन दलों के नेताओं पर लगे भ्रष्टाचार के मामलों में रुख बदल लिया था। इतना ही नहीं, विगत में सरकार बनाने और बहुमत जुटाने के लिये जो निष्ठा बदलने का खेल हुआ, उसके निहितार्थों में एजेंसियों की छाया महसूस होने की बात विपक्ष करता रहा है। यहां तक कि कई दलों के विभाजन के मूल में एजेंसियों की कार्रवाई के भय की भूमिका बतायी जाती रही है। दल-बदल के बाद उन पर चल रहे मामले या तो बंद हो गए या फिर ठंडे बस्ते में डाल दिए गए। वहीं कई ऐसे मामले भी होते हैं जो खुले तो रहते हैं लेकिन उनमें कार्रवाई होती नजर नहीं आती। निश्चिय ही यह स्थिति किसी लोकतंत्र के स्वास्थ्य के लिये शुभ नहीं कही जा सकती।

### करके है दिखाना!



आ गया हूं बाहर ।
अब नहीं घबराना ।।
पार्टी को मजबूत ।
करके है दिखाना ।।
है समय संघर्ष का ।
रखना इसको याद ।।
रोक न सकता कोई ।
होने से आबाद ।।
चप्पा-चप्पा दौड़ना ।
ना घटा आधार ।।
होके रहेगा जल्द ही ।
नया चमत्कार ।।
कह रहे वो घूम घूम ।
है ऐसा विश्वास ।।
छूटना है सबको ।
ना होना उदास ।।

–कृष्णोन्द्र राय

# बिहार की राजनीति का 'चिराग' संभावना का वाहक

**ललित गर्ग**

खुद को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का हनुमान बताने वाले युवा नेता चिराग पासवान इन दिनों बिहार की राजनीति में लाइमलाइट में हैं। राजनीतिक कौशल एवं प्रभावी रणनीति के तहत तेजी से अपनी राजनीतिक जमीन को मजबूती देते हुए बिहार की राजनीति का चिराग संभावना का वाहक बन रहा है। चिराग पासवान सक्षम जनप्रतिनिधि के साथ-साथ मौलिक सोच एवं संवेदनाओं के प्रतीक हैं। उन्हें सूक्ष्मदर्शी और दूरदर्शी होकर प्रासंगिक एवं अप्रासंगिक के बीच भेदरेखा बनाने एवं अपनी उपस्थिति का अहसास कराने का छोटी उम्र में बड़ा अनुभव है जो भारतीय राजनीति के लिये शुभता का सूचक है। लोकतंत्र का सच्चा जन-प्रतिनिधि वही है जो अपनी जाति, वर्ग और समाज को मजबूत करने के साथ देश को मजबूत करें। बिहार फर्स्ट, बिहारी फर्स्ट की लड़ाई लड़ने वाले चिराग 14 करोड़ बिहारियों को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने के लिये प्रतिबद्ध है। आगामी लोकसभा चुनाव 2024 चिराग का सशक्त एवं उम्मीदभरा राजनीतिक भविष्य उजागर करते हुए बिहार के शीर्ष नेतृत्व की ओर अग्रसर करे तो कोई आश्चर्य नहीं। इस बात के संकेत इनदिनों की बिहार की राजनीति गतिविधियों से मिलने लगे हैं। गतदिनों भाजपा मुख्यालय से विनोद तावड़े ने बिहार के एनडीए गठबंधन में सीट शेयरिंग का अपना फॉमूर्ला सार्वजनिक किया, जिसमें भाजपा को 17 सीटें, जदयू को 16 सीटें तो चिराग पासवान के नेतृत्व वाली लोजपा (रामविलास) के खाते में 5 सीटें गईं। वहीं उपेंद्र कुशवाह और जीतनराम मांझी की पार्टी को एक-एक सीट दी गई। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के आवास की एक बड़ी तस्वीर सामने आई, जिसमें नीतीश चिराग के कंधे पर हाथ रखे आशीर्वाद की मुद्रा में दिखाई दे रहे हैं। इसी तरह का एक चित्र पहले चर्चित हुआ जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी चिराग की पीठ थपथपाते हुए दिखाई दे रहे हैं।

भारतीय राजनीति में युवाओं की भागीदारी को लेकर अक्सर बड़ी-बड़ी बातें हर किसी मंच से होती रहती हैं लेकिन कोई दल उन्हें प्रतिनिधित्व का मौका नहीं देता क्योंकि उनकी नजर में युवा वोट भर हैं। राजनीतिक दल उनका इस्तेमाल भीड़ और ट्रौलिंग के लिए करते रहते हैं। हालांकि इस मिथक को चिराग ने तोड़ा, 2014 के लोकसभा चुनाव में जमुई सीट पर 80 हजार से ज्यादा मतों से विजयी हुए थे तो एक ही संसदीय दौर में उन्होंने जनता का विश्वास इस कद्र जीता कि 2019 के चुनाव में चिराग ने 5 लाख से ज्यादा वोट हासिल करते हुए लगातार दूसरी बार जीत दर्ज की। करिश्माई व्यक्तित्व वाले चिराग ने आगामी चुनाव में एनडीए को बिहार में 40 में से 40 सीटें मिलने का दावा किया है। इसमें कोई संदेह भी नहीं है क्योंकि 2019 में जब एनडीए में 3 पार्टियां थी, तब 40 में से 39 सीटें जीती थीं और इस बार 5 पार्टियां हैं और लोगों का उत्साह बताता है कि बिहार में 40 सीटों के साथ एनडीए देश में 400 सीटों के लक्ष्य को आसानी से पार कर लेगा।



चिराग पासवान एक भारतीय राजनीतिज्ञ तथा लोक जनशक्ति पार्टी के राजनेता है। वे भारतीय राजनीति में सर्वाधिक मतों से जीतने वाले दलितों के शीर्ष नेता एवं लोक जनशक्ति पार्टी (लोजपा) के संस्थापक रामविलास पासवान के पुत्र हैं। चिराग ने न केवल बिहार की राजनीति में बल्कि समूची देश की राजनीति में युवा संभावनाओं को उजागर करने की खनक पैदा की है। यह वह आहट है जो भारत की राजनीति को एक नयी दिशा एवं दृष्टि प्रदत्त करेंगी। क्योंकि चिराग वोट की राजनीति के साथ-साथ सामाजिक उत्थान की नीति के चाणक्य है। वे रोजगार के नाम से एक एनजीओ भी चलाते हुए बिहार के युवाओं को बडे. पैमाने पर रोजगार दिलाने की मुहिम को संभव किया है। चिराग का रोजगार एक मौलिक सोच की निष्पत्ति है और चिराग भारत की राजनीति में एक मौलिक सोच के प्रतीक नेता के रूप में उभर रहे हैं और मौलिकता अपने आप में एक शक्ति होती है, जो व्यक्ति की अपनी रचना होती है एवं उसी का सम्मान होता है। संसार उसी को प्रणाम करता है जो भीड़ में से अपना सिर ऊंचा उठाने की हिम्मत करता है, जो अपने अस्तित्व का भान कराता है। मौलिकता की आज जितनी कीमत है, उतनी ही सदैव रही है। जिस व्यक्ति के पास अपना कोई मौलिक विचार या कार्यक्रम है तो संसार उसके लिए रास्ता छोड़कर एक तरफ हट जाता है और उसे आगे बढ़ने देता है। मौलिक विचार तथा काम के नये तरीके खोज निकालने वाला व्यक्ति ही समाज एवं राष्ट्र की बड़ी रचनात्मक शक्ति होता है अन्यथा ऐसे लोगों से दुनिया भरी पड़ी है जो पीछे-पीछे चलना चाहते हैं और चाहते हैं कि सोचने का काम कोई और ही करे। चिराग ने भारत की राजनीति में युवा पीढ़ी के लिए कुछ नया सोचा है, कुछ मौलिक सोचा है, तो सफलता निश्चित है। वे इसी सोच से प्रदेश की राजनीति से केन्द्र की राजनीति की ओर अग्रसर होकर सफल नेतृत्व देने में सक्षम साबित होंगे, इसमें कोई संदेह नहीं है।

लोजपा अब पूरी तरह युवाओं के हाथ में है। चिराग युवा हैं, सक्षम है, प्रखर वक्ता है, कुशल संगठनकार एवं प्रबन्धक हैं और विगत में उन्होंने अनेक अवसरों पर अपनी इन क्षमताओं के साथ-साथ निर्णायकता साबित की है। कई मौकों पर यह बात सामने आई है कि बिहार के साथ-साथ केंद्रीय राजनीति के दांव-पेच और समीकरणों को भी वह अच्छी तरह जानने-समझने लगे हैं। हालांकि उनके सामने सबसे बड़ी चुनौती दलित राजनीति के अगले ध्वजवाहक बनने और अपने लक्षित मतदाता समूह में पिता जैसी स्वीकार्यता पाने की होगी। चिराग नई लकीर खींचने में पारंगत है, वे अपने पिता की प्रतिछाया ही न बनकर कुछ नये प्रतिमान स्थापित करेंगे, राजनीति की नई परिभाषाएं गढ़ेंगे। क्योंकि वे विपरीत स्थितियों में सामंजस्य स्थापित करके भरोसा और विश्वास का वातावरण निर्मित करने में दक्ष है।

युवापीढ़ी और उनके सपनों का मूर्च्छित होना और उनमें निराशा का वातावरण निर्मित होना- एक सबल एवं सशक्त राष्ट्र के लिये एक बड़ी चुनौती है। चिराग ने यह अनुभव किया, यह उनकी सकारात्मक राजनीति एवं मानवतावादी सोच का ही परिणाम है। चिराग इस मामले में अन्य क्षत्रप या नेता पुत्रों से थोड़ा अलग इसलिए भी हैं कि उनका नजरिया और अंदाज भविष्योन्मुखी और विकासवादी प्रतीत होता है। यही कारण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी चिराग में राजनीतिक संभावनाओं को गहराई से समझा है। इन सबके बावजूद यक्ष प्रश्न यह है कि क्या चिराग अपने पिता की दलित राजनीति की विरासत को कोई नया आयाम दे पाएंगे। या फिर वह इस विरासत से इतर मुख्यधारा की राजनीति में अपनी काबिलियत दिखाएंगे। चिराग राजनीति की बारीकियों को समझने में माहिर है। राजनीति का मौसम विज्ञान समझने में चिराग ने मोदी की आंधी को भलीभांति भांप लिया है और वह किसी संशय में नहीं है। अपने मतदाता समूह में उनकी मजबूत स्वीकार्यता भी है। हाल के समय में भारतीय राजनीति में नई पीढ़ी के कई नेता पुत्रों ने अभी तक कोई बहुत बड़ी उम्मीद नहीं जगाई है। चाहे राहुल गांधी हों या तेजस्वी यादव, फिलहाल इनके सियासी सितारे डूब-उतर रहे हैं। साथ ही अपने प्रभाव में निरंतरता बरकरार रखने में कहीं न कहीं चूक भी रहे हैं। हालांकि इन नामों की तुलना में चिराग के पास कोई बहुत बड़ी राजनीतिक विरासत तो नहीं है, लेकिन वे अपने होने का अहसास, कुछ अनूठा करने का एवं जनता के दिलों को जीतने का हूनर साबित किया है।

# बेटियों को भी मिले उचित सम्मान, उन्हें न समझा जाए बोझ

**रमेश सर्राफ धमोरा**

आज हर क्षेत्र में बालिकाओं के आगे बढने के बावजूद भी वह अनेको कुरीतियों की शिकार हैं। ये कुरीतियां उनके आगे बढने में बाधाएं उत्पन्न करती है। पढ़े-लिखे लोग और जागरूक समाज भी इस समस्या से अछूता नहीं है। देश में आज भी प्रतिवर्ष लाखों लड़कियों को जन्म लेने से पहले ही कोख में मार दिया जाता है। आज भी समाज के अनेक घरों में बेटा, बेटी में भेद किया जाता है। बेटियों को बेटों की तरह अच्छा खाना और अच्छी शिक्षा नहीं दी जाती है। समाज में आज भी बेटियो को बोझ समझा जाता है। हमारे देश में यह एक बड़ी विडंबना है कि हम बालिका का पूजन तो करते हैं। लेकिन जब हमारे खुद के घर बालिका जन्म लेती है तो हम दुखी हो जाते हैं। देश में सभी जगह ऐसा देखा जा सकता है। देश के कई प्रदेशों में तो बालिकाओं के जन्म को अभिशाप तक माना जाता है। लेकिन बालिकाओं को अभिशाप मानने वाले लोग यह क्यों भूल जाते हैं कि वह उस देश के नागरिक हैं जहां रानी लक्ष्मीबाई जैसी विरांगनाओं ने देश के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए थे।

हमारे यहां आज भी बेटी पैदा होते ही उसकी परवरिश से ज्यादा उसकी शादी की चिन्ता होने लगती है। आज महंगी होती शादियों के कारण बेटी का बाप हर समय इस बात को लेकर चिंतित नजर आता है कि उसकी बेटी की शादी की व्यवस्था कैसे होगी। समाज में व्याप्त इसी सोच के चलते कन्या भ्रूण हत्या पर रोक नहीं लग पायी है। कोख में कन्याओ को मार देने के कारण समाज में आज लड़कियों की काफी कमी होने से लिंगानुपात गड़बड़ा गया है।

पिछले कुछ वर्षों में देश में जन्म के समय लिंगानुपात में बढ़ोतरी होना शुभ संकेत हैं। संसद में एक सवाल का जवाब में महिला एवं बाल विकास मंत्री ने बताया था कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना ने बालिकाओं के अधिकारों को स्वीकार करने के लिए जनता की मानसिकता को बदलने की दिशा में सामूहिक चेतना जगाई है। इस योजना ने भारत में सीएसआर (बाल लिंग अनुपात) में गिरावट के मुद्दे पर चिंता जताई है। यह राष्ट्रीय स्तर पर जन्म के समय लिंग अनुपात (एसआरबी) में 15 अंकों के सुधार के रूप में परिलक्षित होता है। जो कि 2014 में 918 था। जबकि 2022-23 में 15 अंक बढ़कर 933 हो गया। अगर समाज में बेटियों को उचित शिक्षा और सम्मान मिले तो बेटियां किसी भी क्षेत्र में पीछे नही रहेगी। इसलिए यदि यह कहा जाय की बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना नही हम सबकी एक जिम्मेदारी है तो इसमें कुछ गलत नही है। यदि हम सभी एक अच्छे समाज का निर्माण करना चाहते है तो हम सबका यही फर्ज बनता है हम इन बेटियों को भी भयमुक्त वातावरण में पढ़ाये। उन्हें इतना सशक्त बनाये की खुद गर्व से कह सके की देखो वह हमारी बेटी है जो इतना बड़ा काम कर रही है।

भारत में हर साल तीन से सात लाख कन्या भ्रूण नष्ट कर दिये जाते हैं। इसलिए यहां महिलाओं से पुरुषो की संख्या 5 करोड़ ज्यादा है। समाज में निरंतर परिवर्तन और कार्य बल में महिलाओं की बढ़ती भूमिका के बावजूद रूढिवादी विचारधारा के लोग मानते हैं कि बेटा बुढ़ापे का सहारा होगा और बेटी हुई तो वह अपने घर चली जायेगी। बेटा अगर मुखाग्नि नहीं देगा तो कर्मकांड पूरा नहीं होगा। आज लड़किया लड़को से किसी भी क्षेत्र में कमतर नहीं हैं। कठिन से कठिन कार्य लड़किया सफलतापूर्वक कर रही हैं। देश में हर क्षेत्र में महिला शक्ति को पूरी हिम्मत से काम करते देखा जा सकता है। लड़कियों ने अपने काम और समर्पण के दम पर कई क्षेत्रों और क्षेत्रों में खुद को साबित किया है। वे अधिक प्रतिभाशाली, आज्ञाकारी, मेहनती और परिवार और अपने जीवन के लिए जिम्मेदार हैं। लड़कियाँ अपने परिवार और माता-पिता के प्रति अधिक देखभाल करने वाली और प्यार करने वाली होती हैं और वे हर काम में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देती हैं। देश की अर्थव्यवस्था में भी महिलाओं का अहम योगदान है। वे श्रम शक्ति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं और व्यवसायों की वृद्धि और विकास में योगदान देती हैं।

एक तरफ जहां बेटी को जन्मते ही मरने के लिये लावारिश छोड़ दिया जाता है। वहीं झुंझुनू जिले की मोहना सिंह जैसी बालिकायें भी है जो आज देश में फाईटर प्लेन उड़ा कर पूरे देश में जिले का मान बढ़ा रही हैं। समाज में सभी को मिलकर लडका-लडकी में भेद नहीं करने व समाज के लोगों को लिंग समानता के बारे में जागरूक करने की प्रतिज्ञा लेनी चाहिए। बालिकाओं का कोख में तो कत्ल कर उन्हे धरती पर आने से पहले ही मारा जा रहा है। उससे भी घिनोना काम जिन्दा बालिकाओं के साथ किया जा रहा है। देश में बालिकाओं के साथ हर दिन बलात्कार, प्रताडना की घटनायें अखबारो की सुर्खिया बनती हैं। बालिकायें कही भी अपने को सुरक्षित नहीं समझती हैं। चाहे घर हो या स्कूल अथवा कार्य स्थल। हर जगह वहशी भेडिये उन पर नजरे गड़ायें रहते हैं। उन्हे जब भी मौका मिलता है नोंच डालते हैं। ऐसे माहौल में देश की बालिकायें कैसे आगे बढ़ पायेगीं। समाज के पढ़े लिखे लोगों को आगे आकर कन्या भ्रूण हत्या जैसे घिनोने कार्य को रोकने का माहौल बनाना होगा। ऐसा करने वाले लोगों को समझा कर उनकी सोच में बदलाव लाना होगा। लोगों को इस बात का संकल्प लेना होगा कि ना तो गर्भ में कन्या की हत्या करेगें ना ही किसी को करने देगें। तभी देश में कन्या भ्रूण हत्या पर रोक लग पाना संभव हो पायेगा। सरकार व समाज को मिलकर ऐसे वातावरण का निर्माण करने का प्रयास करना चाहिये जिसमें बालिकायें खुद को महफूज समझ सकें। बालिकाओं पर अत्याचार करने वालों के मन में भय व्याप्त करने के लिये सरकार को कानून में और अधिक सुधार करना चाहिये। बालिकाओं को कई प्रकार के भेदभाव का शिकार होना पड़ता है।

समाज और राष्ट्र के विकास के लिए बालिकाओं के महत्व को स्वीकार करना और बढ़ावा देना आवश्यक है। शिक्षा प्रत्येक बच्चे का मौलिक अधिकार है। एक शिक्षित लड़की ही अपने परिवार, समाज और राष्ट्र के आर्थिक विकास में योगदान दे सकती है। कानूनी सुरक्षा बालिकाओं के अधिकारों की सुरक्षा का एक महत्वपूर्ण पहलू है। जागरूकता कार्यक्रमों और सामुदायिक भागीदारी के माध्यम से लड़कियों के प्रति सामाजिक दृष्टिकोण को बदलने के लिए भी उतना ही आवश्यक है। हमारे समाज का भविष्य इस बात पर निर्भर करता है कि हम आज अपनी बच्चियों के साथ कैसा व्यवहार करते हैं और उन्हें कितना महत्व देते हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल, कानूनी सुरक्षा और सामाजिक सशक्तिकरण के माध्यम से बालिकाओं को सशक्त बनाना न केवल एक नैतिक दायित्व है बल्कि सामाजिक विकास के लिए एक जरूरी आवश्यकता भी है। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि लड़कियों को आगे बढ़ने, सीखने के समान अवसर मिले। तभी हम एक संतुलित, न्यायसंगत और समृद्ध समाज बना सकेगें।

# भारतीय अर्थव्यवस्था लम्बी छलांग लगाने को तैयार

**प्रह्लाद सबनानी**

वित्तीय वर्ष 2023-24 की तृतीय तिमाही (अक्टोबर-दिसम्बर 2023) में भारत में आर्थिक विकास की दर 8.4 प्रतिशत रही है। कुछ विदेशी अर्थशास्त्री भारत की आर्थिक विकास दर को कमतर आंकते हुए दिखाई दे रहे हैं जबकि यह लगातार तिमाही दर तिमाही आगे बढ़ती ही जा रही है। अब तो विश्व की कई आर्थिक एवं वित्तीय संस्थानों ने भी वर्ष 2024 के लिए भारत की आर्थिक विकास दर के सम्बंध में अपने अनुमानों को बेहतर किया है, परंतु अभी भी इन संस्थानों के यह अनुमान वास्तविक आर्थिक विकास दर की तुलना में बहुत कम हैं। दरअसल, विदेशी आर्थिक एवं वित्तीय संस्थानों द्वारा विशेष रूप से भारत की आर्थिक विकास दर को आंके जाने के सम्बंध में उपयोग किए जा रहे मॉडल अब बोथरे साबित हो रहे हैं। हाल ही के समय में भारत के नागरिकों में ह्लस्वह्ल का भाव विकसित होने के चलते देश में धार्मिक पर्यटन बहुत तेज गति से बढ़ा है। उदाहरण के लिए अयोध्या धाम में प्रभु श्रीराम के भव्य मंदिर में श्रीराम लला के विग्रहों की प्राण प्रतिष्ठा के पश्चात प्रत्येक दिन औसतन 2 लाख से अधिक श्रद्धालु अयोध्या पहुंच रहे हैं। यह तो केवल अयोध्या की कहानी है इसके साथ ही काशी विश्वनाथ मंदिर, उज्जैन में महाकाल लोक, जम्मू स्थित वैष्णो देवी मंदिर, उत्तराखंड में केदारनाथ, बद्रीनाथ, गंगोत्री एवं यमनोत्री जैसे कई मंदिरों में श्रद्धालुओं की अपार भीड़ उमड़ रही है। भारत में धार्मिक पर्यटन में आई जबरदस्त तेजी के बदौलत रोजगार के लाखों नए अवसर निर्मित हो रहे हैं, जो देश के आर्थिक विकास को गति देने में सहायक हो रहे हैं। परंतु, यह तथ्य विदेशी आर्थिक एवं वित्तीय संस्थानों को दिखाई नहीं दे रहा है, जो कि केवल भारत की ही विशेषता है।

उक्त तथ्यों के अतिरिक्त अन्य कई कारक भी भारत की आर्थिक विकास दर को अब 9 से 10 प्रतिशत की सीमा में ले जाने को तैयार दिखाई दे रहे हैं। आज भारतीय अर्थव्यवस्था की तुलना में भारत से आगे चल रही विश्व के अन्य देशों की अर्थव्यवस्थाओं की विकास दर में ठहराव आ गया है। जैसे अमेरिका एवं यूरोप की अर्थव्यवस्थाएं आगे आने वाले समय में प्रतिवर्ष केवल 2 अथवा 3 प्रतिशत की दर से ही आगे बढ़ पाएंगी। इसी प्रकार चीन की अर्थव्यवस्था भी अब ढलान पर दिखाई दे रही है। जापान एवं जर्मनी की अर्थव्यवस्थाओं में तो आर्थिक मंदी देखी जा रही है। इस प्रकार विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में भारत के अमृत काल में केवल भारतीय अर्थव्यवस्था ही तेज गति आगे बढ़ती दिखाई दे रही है। वैसे भी भारत में अमृत काल तो अभी शुरू ही हुआ है एवं यह अगले 23 वर्षों अर्थात वर्ष 2047 तक यह खंडकाल जारी रहेगा। कुछ अर्थशास्त्री तो भारत के अमृत काल के बाद भी भारतीय अर्थव्यवस्था के इसी तरह तेज गति से आगे बढ़ते रहने की संभावनाएं व्यक्त कर रहे हैं क्योंकि भारत में वर्ष 1991-92 में प्रारम्भ किए आर्थिक एवं वित्तीय क्षेत्र के सुधार कार्यक्रम को अब 32 वर्ष पूर्ण हो गए हैं, हालांकि वर्ष



1991-92 के बाद भी भारत में आर्थिक एवं वित्तीय क्षेत्रों में सुधार कार्यक्रम लगातार जारी रहे हैं। अतः स्थिर हो चुके इन सुधार कार्यक्रमों के फल खाने का समय अब आ गया है।

भारत द्वारा वर्ष 1947 में राजनैतिक स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात, पिछले 77 वर्षों के दौरान भारत में लोकतंत्र लगातार मजबूत हुआ है एवं आज पूरे विश्व में भारत इस दृष्टि से प्रथम पायदान पर खड़ा है। भारत में लोकतंत्र के लगातार मजबूत होते जाने से विदेशी निवेशकों का भारत में विश्वास बढ़ा है जिसके चलते भारत में उद्योग जगत को पूंजी की कमी नहीं के बराबर रही है। पर्याप्त पूंजी की उपलब्धता के चलते भारत में आर्थिक विकास को गति ही मिली है। भारत में लगातार तेज हो रही आर्थिक विकास की दर के कारण भारत में बिलिनियर (100 करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक की सम्पत्ति वाले नागरिक) की संख्या में सुधार हुआ है। पिछले वर्ष भारत में 94 नए बिलिनियर बने हैं। जबकि चीन में 115 बिलिनियर कम हुए हैं। विश्व में बिलिनियर की संख्या के मामले में भारत चीन एवं अमेरिका के बाद तीसरे स्थान पर आ गया है। भारत में आज 271 बिलिनियर हैं जबकि चीन में 814 एवं अमेरिका में 800 बिलिनियर हैं। मुंबई महानगर में तो अब 92 बिलिनियर निवास कर रहे हैं, जो चीन के बीजिंग महानगर के 91 बिलिनियर से अधिक है। इस प्रकार अब एशिया के किसी भी महानगर में सबसे अधिक बिलिनियर भारत के मुंबई महानगर में निवास कर रहे हैं। पूरे विश्व भारत के मुंबई महानगर से आगे अब केवल अमेरिका का न्यूयॉर्क महानगर (119 बिलिनियर) एवं ब्रिटेन का लंदन महानगर (97 बिलिनियर) ही है। वर्ष 2022-23 में चीन में बिलिनियर की संख्या घटी है। चीन में बिलिनियर की सम्पत्ति 15 प्रतिशत से कम हुई है। जबकि भारत में बिलिनियर की सम्पत्ति में वृद्धि दर्ज हुई है। यह भारत में तेज गति से हो रहे आर्थिक विकास दर के चलते सम्भव हो सका है।

एक और कारक जो आगे आने वाले समय में भारत की आर्थिक विकास दर को लगातार उच्च स्तर पर बनाए रखने में सहायक हो सकता है वह है भारत में प्रति व्यक्ति वार्षिक औसत आय का लगभग 2500 अमेरिकी डॉलर का होना है जो चीन में 13,000 से 14,000 अमेरिकी डॉलर के एवं दक्षिणी कोरीया में 32,000 से 33,000 अमेरिकी डॉलर के बीच की तुलना में बहुत कम है। इस दृष्टि से भारत को अभी बहुत आगे तक जाना है और यह केवल आर्थिक विकास की औसत दर को 10 प्रतिशत प्रतिवर्ष के आसपास बनाए रखने से ही सम्भव होगा। इस प्रकार भारतीय नागरिकों में अपनी औसत आय को विकसित देशों की तुलना में बेहतर करने की अभी बहुत गुंजाइश है और यह भावना भारत की आर्थिक विकास दर को बढ़ाए रखने में सहायक होगी। दूसरे, भारत में तकनीकी क्षेत्र विशेष रूप से सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में विकास की दर बहुत प्रभावकारी है, डिजिटल क्षेत्र में तो भारत आज पूरे विश्व को ही राह दिखाता नजर आ रहा है। सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में विकास के चलते भारत में विभिन्न क्षेत्रों में श्रमिकों, व्यवसाइयों, प्रबंधकों, कृषकों आदि की उत्पादकता में भी सुधार दृष्टिगोचर है जो निश्चित ही भारत में आर्थिक विकास की गति को तेज करने में सहायक होगा।

आज अमेरिका एवं कनाडा में निवासरत एवं सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में कार्य कर रहे भारतीय मूल के नागरिक वापिस भारत आकर बसने के बारे में गम्भीरता से विचार कर रहे हैं क्योंकि अब अमेरिका एवं अन्य विकसित देशों की तुलना में भारत में लगातार तेज हो रही आर्थिक विकास की दर उन्हें आकर्षित कर रही है। उन्हें आज भारत में अधिक आय अर्जन के अतिरिक्त साधन उत्पन्न होते दिखाई दे रहे हैं। एक सर्वे के अनुसार, लगभग 38,000 भारतीय जो अमेरिका में सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में कार्यरत हैं वे अब भारत वापिस आना चाहते हैं क्योंकि अमेरिका में कई कम्पनियां (गूगल, एमेजोन, माइक्रोसोफ्ट एवं मेटा सहित) अपने कर्मचारियों की छंटनी करती दिखाई दे रही हैं।

# अज्ञात परिस्थितियों में बनारस दवा लेने गए युवक की ट्रेन दुर्घटना में मौत



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। बिरनो थाना के नसरतपुर गांव निवासी युवक कमलेश यादव उम्र 25 वर्ष की वाराणसी के सारनाथ के पास ट्रेन दुर्घटना में मृत्यु हो गयी। वह वाराणसी दवा के लिए गए थे दवा लेकर ट्रेन से घर लौटते वक्त अज्ञात परिस्थितियों में घटना हो गयी। घटना की सूचना से गांव में शोक की लहर वयाप्त है । मिली जानकारी के अनुसार मृतक कमलेश यादव उम्र 24 वर्ष पुत्र स्वर्गीय बेचू यादव पांच भाई थे। दवा लेने के लिए वाराणसी गया था। वापस अपने घर को ट्रेन पकड़ कर आ रहा था तभी सारनाथ स्टेशन के पास अज्ञात परिस्थितियों में मृत्यु अवस्था में पड़ा हुआ था। इसकी जानकारी रेलवे पुलिस को जब हुई तो उसके जेब में रखे कागजादों के आधार पर शिनाख्त की गई। मृतक के घर पर सूचना रेलवे पुलिस के द्वारा टेलीफोन के माध्यम से दिया गया वही मृतक के घर पर सूचना मिलते ही हाहाकार मच गया परिवार के लोगों का रो-रो कर बुरा हाल है वही ग्रामीणों के द्वारा बताया गया कि मृतक की शादी अगले वर्ष मई में महीने में हुआ था शादी अभी 1 वर्ष भी नहीं हुआ था कि उसकी अज्ञात स्थिति में मौत हो गई वहीं मृतक की पत्नी निधि यादव का रो-रो कर बुरा हाल हो चुका है । मृतक की शादी मरदह थाना क्षेत्र के कोड़री गांव में हुआ था। मृतक के पिता पहले ही उनकी मृत्यु हो चुकी है । वहीं मृतक की मां बसंती देवी अपने बच्चों का नाम ले लेकर बेहोश हो जा रही थी।

## आग ने मचाया तांडव आधा दर्जन किसानों की खड़ी फसल जलकर हुई राख फायरब्रिगेड की गाड़ी रास्ते से ही लौटी



जखनिया गाजीपुर । भुड़कुडा कोतवाली अंतर्गत सेम ऊर व रामपुर मदरा गांव के आधा दर्जन लोगों की खेत में अचानक आग लगने से दसों बीघा खड़ी गेहूं की फसल जलकर राख हो गई ।खेतों में तेज लपट ,धूवाँ देखकर सेम ऊर ,रामपुर मदरा ,कृतसिंहपुर गांव के सैकड़ों लोगों ने शोर मचाते हुए सिवान की ओर दौड़ पड़े। फायर ब्रिगेड को सूचना देने के साथ ही गांव के लोगों द्वारा मिट्टी और पानी के साथ-साथ ट्रैक्टर से गेहूं के फसल की जुताई कर आग को आगे बढ़ने से रोककर किसी तरह आग बुझाने का कार्य तेजी किया गया। सूचना पर लेखपाल बृजेश सिंह, क्षेत्राधिकारी बलराम व कोतवाल प्रभारी तारावती दलबल के साथ मौके पर पहुंची, तब तक सब कुछ जलकर राख हो गया था ।फायर ब्रिगेड की गाड़ी को आधे रास्ते से ही वापस जाना पड़ा । गौरतलब हो की सेमऊर , रामपुर मदरा गांव के ही उदय नारायण, राज नारायण ,उदय ,श्याम दुलार , अंबिका , रूपनारायण, देवनारायण का गेहूं की खड़ी फसल में आग लगने से सब कुछ जलकर राख हो गया। क्षेत्र में आगजनी की घटनाओं पर फायर ब्रिगेड को सूचना दी जाने के बाद जिला मुख्यालय से 40 से 45 किलोमीटर दूरी तय कर आने से पहले सबकुछ आग की भेंट चढ़ चुका होता है। फिर भी शासन द्वारा जखनियां तहसील में फायर ब्रिगेड गाड़ी की व्यवस्था नहीं की जाती। जिसका त्वरित फायदा किसानों तथा आम जन को मिल सके।

## हनुमान जी जैसे मित्र व भगवान भक्त होना असंभव

रसड़ा, बलिया। नवापरायण पाठ एवं यज्ञ तथा सत्संग अनुष्ठान व रामचरित मानस कथा के पांचवे दिन मंगलवार को मानस कथा विद्वत अमर मणि शाण्डिलय चुटुकिया बाबा नवापरायण पाठ यज्ञ व सत्संग तथा राम कथा मे संबोधन करते हुए कहा कि, मित्र दोस्त कैसा होना चाहिए वह कलयुग मे असंभव है आज के दौर मे मित्र बिना स्वार्थ के नही मिलते। किन्तु भगवान राम के पवन सुत हनुमान जी भगवान राम के मित्र व सबसे बड़े भक्त थे मित्र का कर्तव्य क्या होता है वह हनुमान जी के जीवन उनके चरित्र से सिख मिलता है। उनके अनुशरण को हमे अपनाना ही मित्रता सच्ची मित्रता दोस्ती का पहचान है ।संकट की घड़ी मे जो व्यक्ति साथ देता है वही सच्चा मित्र होता है कहा कि श्री राम के अनुज भाई लक्ष्मण पर जब बिपति आयी मूर्छित थे तो राम का धैर्य काम नही कर रहा था



जिसे हनुमान जी लंका से सुखेनवैद्य को लाये और सुखेन वैद्य द्वारा बताये जाने पर संजीवनी बुटी लाकर लक्षमण जी का प्राण बचाना पूरी बानरी सेना का संचालन करना मित्र पर किसी तरह का संकट आने पर निःस्वार्थ साथ देना वही परम् मित्र होता है यह हमे कथा श्रवण व सत्संग से मिलता है अज्ञानता का ज्ञानता का संत्संग से मिलता जिससे मनुष्य जीवन मे किसी तरह का संकट दुःख विपति परेशानी ज्ञान रहे धैर्य रख, दूर किया जा सकता है इसी क्रम मे राम कथा के मर्मज्ञ अमरनानाथ त्रिपाठी इनाजीनियर साहब भदोही ने अपने मुखार विन्दु से कथा का रसपान कराते हुए उपस्थित हजारो महिला पुरूष बूढ़े बुजुर्ग को जीवन मे थोड़ा समय निकाल कर सत्संग व कथा सनने के लिए समय देना भगवान ईश्वर के प्रति समर्पित होना भगवान स्वीकार करते है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में मिला अज्ञात युवक का शव, नहीं हो सकी शव की शिनाख्त

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। शहर कोतवाली क्षेत्र के रेलवे जोनल ट्रेनिंग सेंटर के पीछे बह रहे नाले में अज्ञात युवक शव मिलने की जानकारी पर स्थानीय लोगों के साथ ही पुलिस ने भी मौके पर पहुंचकर शव के बारे में जानकारी करना शुरू किया । लेकिन उसका शिनाख्त नहीं हो पाई। स्थानीय लोगों ने पूछताछ के दौरान यह बताया कि नाले के पास ही सहजन के पेड़ से बगल के ही लोग सहजन तोड़ने के लिए गए थे और जब उनकी नजर पानी पर पड़ी तो देखा कि वहां पर एक शव पड़ा हुआ है , जिसकी जानकारी उन्होंने आसपास के लोगों के साथ स्थानीय पुलिस को दी गई। जानकारी मिलते ही सदर कोतवाली पुलिस तत्काल



मौके पर पहुंचकर शिनाख्त करने में जुट गई साथ ही फॉरेंसिक जांच टीम भी मौके पर पहुंचकर कार्रवाई करने में जुट गई । मिलीं जानकारी के अनुसार आसपास के लोगों का कहना है की 2 दिन पूर्व रात्रि के समय लगभग 2 या ढाई बजे कुत्तों के भौंक रहे थे जब हम लोग बाहर निकल कर देखे तो बाहर कोई भी नही था जिसके बाद हम लोग फिर से अपने घर के अंदर चले गए। कोतवाली प्रभारी दीनदयाल पांडेय ने बताया कि युवक लगभग 35 वर्ष का है शव कब्जा में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। शव की अभी शिनाख्त नहीं हुई है।

# पुलिस ने किया अवैध शस्त्र फैक्ट्री का भण्डाफोर,12 तमंचा सहित ढेरों अर्द्ध निर्मित तमंचा कारतूस उपकरण बरामद

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। पुलिस अधीक्षक गाजीपुर द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक नगर के कुशल निर्देशन व क्षेत्राधिकारी सैदपुर के निकट पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष खानपुर को बड़ी सफलता हाथ लगी है। मिली जानकारी के अनुसार थानाध्यक्ष खानपुर अपनी टीम व स्वाट, सर्विलांस टीम के साथ चेकिंग कर रहे जिसके दौरान बुधवार को भुजेहुआ जियापुर पुलिया, थाना खानपुर से अभियुक्त रामधारी राजभर पुत्र बनारसी राजभर नि0 बसही थाना देवगाँव जनपद आजमगढ़ को 05 अदद अवैध तमंचा व 03 अदद जिन्दा कारतूस .315 बोर मय 01 अदद बिना नम्बर प्लेट अपाचे मोटरसाईकिल के साथ गिरफ्तार करने के पश्चात अभियुक्त रामधारी उपरोक्त से पूछताछ व उसकी निशानदेही पर ग्राम मिश्रौली उर्फ चिलबिली थाना कासिमाबाद से 01 नफर अन्य अभियुक्त सरवन विश्वकर्मा पुत्र स्व0 कैलाश विश्वकर्मा नि0 मिश्रौली उर्फ चिलबिली थाना कासिमाबाद जनपद गाजीपुर को उसके घर से 05 अदद अवैध तमंचा व 02 अदद जिन्दा कारतूस .315 बोर व 02 अदद अवैध तमंचा व 02 अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर तथा 06 अदद अर्द्ध निर्मित अवैध तमंचे का ढाँचा व भारी मात्रा में असलहा बनाने की सामाग्री व उपकरण के साथ गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तारशुदा उपरोक्त अभियुक्तगण के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। पूछताछ के दौरान गिरफ्तार अभियुक्तगण द्वारा बताया गया



कि हम दोनो लोग मिलकर अवैध असलहा बनाने व आस-पास के जिलों में बेचने का काम करते है ।इसमें सरवन विश्वकर्मा द्वारा अपने घर में अवैध रुप से तमंचा बनाने तथा रामधारी राजभर का काम बने हुए तमंचो को ले जाकर नये लड़को को अच्छी कीमत पर बेचना हैं । इस काम से मिले पैसों को अभियुक्तगण आपस में आधा-आधा बाँट लेते है । उन्ही पैंसो से हम लोग अपना व अपने परिवार का जीवन यापन तथा अपने शौक पूरा करते हैं । अभियुक्तगण द्वारा बताया गया कि हम लोग पूर्व में भी पकड़े व जेल जा चुके है । बरामद सामानों में 12 अदद अवैध तमंचा 10 अदद .315 बोर व 02 अदद 12 बोर,07 अदद जिन्दा कारतूस 05 अदद .315 बोर व 02 अदद 12 बोर,06 अदद अर्द्ध निर्मित तमंचा, भारी मात्रा में अवैध तमंचा बनाने की सामग्री व उपकरण 08 अदद ट्रीगर कटपीस लोहा, 06 अदद तमंचे की नाल, 05 अदद स्प्रिंग, 06 अदद अर्द्ध निर्मित प्लेट, लोहा 06 अदद लोहे की चिप्पी, 04 अदद लोहे सुम्मी व छेनी, 02 अदद लोहे की आरी मय 05 अदद आरी ब्लेड, 02 अदद ड्रील मशीन, 06 अदद बरमा, 01-01 अदद पिलास, पेचकस, हथौड़ी, निघनी बाका व लोहे की बड़ी प्लेट, 02 अदद सड़सी व 25 अदद लोहे की काटी, 01 अदद बिना नम्बर प्लेट अपाचे मोटरसाईकिल रहा। तथा गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष खानपुर मय टीम जनपद गाजीपुर, प्रभारी स्वाट/सर्विलांस मय टीम जनपद गाजीपुर, प्रभारी निरीक्षक कासिमबाद मय टीम जनपद गाजीपुर शामिल रहे।

## तीस दिवसीय अभिनय प्रशिक्षण कार्यशाला का उद्घाटन

बलिया। संकल्प साहित्यिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था बलिया द्वारा तीस दिवसीय अभिनय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया है । इसका उद्घाटन 3 अप्रैल हिंदी रंगमंच दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट स्थित ड्रामा हाल में किया गया। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय के लोकपाल डॉ गणेश पाठक ने कहा कि अभिनय एक ऐसी कला है जिसको सीखने के बाद संपूर्ण व्यक्तित्व में निखार आता है। व्यक्तित्व विकसित करने का इससे बड़ा कोई माध्यम नहीं। हमारे जनपद का सौभाग्य है कि संकल्प जैसी संस्था समय-समय पर इस तरह के आयोजन करती रहती है । इसमें अभिभावकों को अपने बच्चों को जरूर भेजना चाहिए। कला प्रशिक्षक डॉक्टर इफ्तिखार खान ने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ हमारे जीवन में किसी ना किसी कला का होना बहुत जरूरी है। इससे बच्चों के व्यक्तित्व में तो निखार आता ही है उन्हें बहुमुखी होने का अवसर भी मिलता है ।अभिनय कला एक सशक्त माध्यम है जो हमारे संपूर्ण व्यक्तित्व को निखारता है। कार्यशाला के निदेशक वरिष्ठ रंगकर्मी आशीष त्रिवेदी ने कहा की राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय वाराणसी से प्रशिक्षित ट्विंकल गुप्ता कार्यशाला में बच्चों को प्रशिक्षित करेंगी। इसमें बच्चों को संवाद कौशल, भाव-भंगिमा, आंगिक अभिनय , मुखौटा निर्माण, फेस पेंटिंग, कविता पाठ इत्यादि का विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण प्रति दिन सुबह 7 बजे से 9 बजे तक चलेगा। बलिया कलेक्ट्रेट स्थित ड्रामा हाल में प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसमें 14 साल से 30 साल के लड़के लड़कियां प्रतिभाग कर सकते हैं। कार्यशाला के पहले दिन 20 प्रतिभागियों ने अपना रजिस्ट्रेशन करा लिया था। आशीष त्रिवेदी ने बताया कि 1868 में पहले हिंदी नाटक शीतला प्रसाद त्रिपाठी कृत जानकी मंगलम का मंचन वाराणसी में किया गया था।

# चुनाव के दौरान प्रचार सामग्री बैनर, पोस्टर आदि पर मुद्रक का नाम, पता प्रतियों की संख्या जरूरी : डीएम

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन द्वारा जनपद के समस्त प्रिंटिंग प्रेस स्वामियों की कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक कर निर्वाचन के दौरान पोस्टर, बैनर, पम्पप्लेट आदि के प्रकाशन के सम्बन्धित निर्वाचन आयोग के दिशा निदेशों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन 24 के दृष्टिगत निर्वाचन प्रचार से संबंधित पुस्तिकाओं, पोस्टरों आदि के मुद्रण एवं प्रकाशन पर लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 127ए के अंतर्गत प्रतिबंध है कि कोई भी व्यक्ति/मुद्रक किसी ऐसे निर्वाचन पम्फलेट अथवा पोस्टर का मुद्रण या प्रकाशन नही करेगा अथवा मुद्रित या प्रकाशित नही करवायेगा जिसके मुख्य पृष्ठ पर मुद्रक एवं इसके प्रकाशक का नाम व पता न लिखा हो।



कोई व्यक्ति किसी निर्वाचन पैम्फलेट अथवा पोस्टर का मुद्रण तब तक नही करेगा या मुद्रित नही करवायेगा जब तक कि प्रकाशक की पहचान की घोषणा उनके द्वारा हस्ताक्षरित तथा दो व्यक्ति जो उन्हें व्यक्तिगत रूप से जानते हों, द्वारा सत्यापित न हो तथा जिसे उनके द्वारा डुप्लिकेट में मुद्रक को न दिया जाये तथा जब तक कि दस्तावेज के मुद्रण के पश्चात उचित समय पर मुद्रक द्वारा दस्तावेज की एक प्रति के साथ घोषणा की एक प्रति जनपद में मुद्रित होनें पर जिला निर्वाचन अधिकारी को न भेजी जाय। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि निर्वाचन पम्पप्लेटो, पोस्टरों इत्यादि के मुद्रण पर उक्त प्रतिबन्ध इन दस्तावेजो के प्रकाशकों एवं मुद्रको की पहचान स्थापित करने के उद्देश्य से विधि द्वारा अधिरोपित किये गये है ताकि यदि धर्म, वंश, जाति, समुदाय, भाषा या विरोधी चरित्र हनन इत्यादि के आधार पर अपील जैसे किसी ऐसे दस्तावेज जिसमें कोई ऐसे मामले व सामाग्री शामिल हो, जो अवैध अपराधिक या आपत्तिजनक हो तो सम्बन्धित व्यक्ति के विरूद्ध आवश्यक दण्डात्मक व निरोधात्मक कार्यवाही की जायेगी। यह प्रतिबन्ध राजनैतिक दलो, अभ्यर्थियों तथा उनके समर्थको द्वारा निर्वाचन पम्पप्लेटो पोस्टरों इत्यादि के मुद्रण एवं प्रकाशन पर हुये अनधिकृत निर्वाचन व्ययों पर रोक लगाने के उद्देश्य में भी सहायक होते हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि उपरोक्त निदेर्शों का जनपद के समस्त प्रिंटिंग प्रेस स्वामियों द्वारा अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जाए उल्लंघन पाए जाने पर नियमानुसार विधिक कार्रवाई की जाएगी। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी, वरिष्ठ कोषाधिकारी, जिला सूचना अधिकारी, मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति के समस्त सदस्यगण के अलावा मुद्रक/प्रकाशक प्रेस के स्वामी व केबिल चैनल के प्रतिनिधि उपस्थित रहें।

## संक्षिप्त खबरें

### रेवतीपुर पुलिस ने पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त को किया किया गिरफ्तार

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। पुलिस अधीक्षक जनपद गाजीपुर द्वारा अपराध व अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के कुशल निर्देशन व क्षेत्राधिकारी जमानियां के निकट पर्यवेक्षण में चेकिंग के दौरान थाना रेवतीपुर पर पंजीकृत मु0अ0सं0 37/2024 धारा 376 भा0द0वि0 व 5/6 पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त टाईगर पुत्र गुरुचरन राम उम्र करीब 21 वर्ष निवासी ग्राम अतरौना थाना इटाढ़ी जनपद बक्सर बिहार को जरिये मुखबिर खास की सूचना पर ग्राम हसनपुरा मार्ग से समय करीब 04.50 सुबह बजे अभियुक्त उपरोक्त को गिरफ्तार किया गयो अभियुक्त के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष राजीव कुमार त्रिपाठी थाना रेवतीपुर, कांस्टेबल विनोद कुशवाहा थाना रेवतीपुर, कांस्टेबल संगम शुक्ला थाना रेवतीपुर जनपद गाजीपुर शामिल रहे।

### लघु उद्योग भारती संगठन का मोहन शर्मा उपायुक्त उद्योग वाराणसी के साथ कार्यालय पर हुआ बैठक



वाराणसी। लघु उद्योग भारती संगठन का मोहन शर्मा उपायुक्त उद्योग वाराणसी के साथ लहरतारा स्थित कार्यालय पर हुआ बैठक` उद्यमियों की विभिन्न समस्याओं जैसे ( औद्योगिक क्षेत्र/ औद्योगिक आस्थांन में एक ही संस्था द्वारा मेंटेनेंस शुल्क लिए जाने की मांग की गई ) राजेश कुमार सिंह अध्यक्ष काशी प्रान्त ने बताया कि कारखियाव, चंदौली के विभिन्न औद्योगिक क्षेत्र में उद्योगों से मेंटनेंस शुल्क के नाम पर यूपीसिडा विभाग तथा जिला पंचायत विभाग द्वारा प्रत्येक वर्ष अलग- अलग शुल्क लिया जाता है एक ही मद में कई संस्थाओं द्वारा उद्योगों से मेंटेनेंस शुल्क लेना सीधे सीधे उद्यमियों का दोहन किया जा रहा है जिसका लघु उद्योग भारती संगठन पुरजोर विरोध करता है। राजेश सिंह ने कहा की हम विभिन्न विभागो द्वारा भयादोहन कर उद्यमियों के शोषण के विरुद्ध आवाज उठा रहे है इस प्रकार की दोहरी नीति का हम सब विरोध करतें है एक दूसरे प्रकरण में तकनीकी उन्नयन में दिन दयाल साहू द्वारा बतलाया गया कि विभाग के पोर्टल पर नई मशीनों की खरीद का आवेदन लोड ही नही हो रहा है` पूरे प्रकरण से संबंधित मोहन शर्मा को एक पत्रक भी सौंपा गया साथ ही जल्द से जल्द उद्यमियों की समस्याओं को दूर करवाने की मांग की गई। उपायुक्त उद्योग मोहन शर्मा ने सभी मांगों को जल्द पूरा करवाने का वादा किया` बैठक में उद्योग विभाग के सहायक आयुक्त विनोद वर्मा सहित ज्योति शंकर मिश्रा,दिन दयाल साहू ,ब्रिजेश गुप्ता , अंकित बाजपेई, भरत गुप्ता सहित करखियां औद्योगिक क्षेत्र के उद्यमी भी शमिल थे।

### तीन दिवसीय वर्कशॉप में बच्चों ने सीखी अलग-अलग चीजें



बलिया। जनपद नगर के लोहा पट्टी रोड स्थित किड्स फर्स्ट स्टेप स्कूल द्वारा तीन दिवसीय वर्कशॉप का आयोजन किया गया। किड्स फर्स्ट स्टेप की प्रिंसिपल छवि सहगल ने बताया कि वर्कशॉप कराने का मुख्य उद्देश्य नए सेशन में एडमिशन लिए हुए बच्चों को सेशन शुरू होने से पहले ही मनोरंजन करवाते हुए तीनों अलग अलग दिनों में बहुत कुछ बता देना एवं सिखा देना। इस तीन दिवसीय वर्कशॉप में अलग अलग चीजे बच्चो को सिखाई जाती है। साथ ही छवि सहगल अपने सभी स्टाफ के कार्यों की सराहना की जिन लोगों के कारण स्कूल आज धीरे-धीरे ऊंचाइयों पर पहुंचता जा रहा है। अब तक के दो बैच फुल हो चुके है तीसरा बैच फुल होने वाला है यह सब बलिया वासियों का स्नेह और परिवार है जो हमे मिल रहा है।

### रजनी श्रीवास्तव ने संभाला राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज के प्रधानाचार्य का पदभार

बलिया। राजकीय बालिका इण्टर कालेज बलिया की वरिष्ठतम शिक्षिका रजनी श्रीवास्तव ने मंगलवार को प्रधानाचार्य पद का प्रभार ग्रहण किया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार ने मिलकर उनके स्वागत का आयोजन किया साथ ही बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस मौके पर साजिदा परवीन, किरण चौहान, रश्मि राय, नागेश्वरी यादव, डा० शबनम बानो, प्रियंका सिंह,रीता तिवारी, कंचन सिंह,अनन्या पाण्डेय, अन्नपूर्णा, रेखा सिंह सहित अन्य शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।

### तमंचा कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

नगरा (बलिया)। पुलिस अधीक्षक देव रंजन वर्मा के कुशल निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थानाध्यक्ष नगरा अतुल कुमार मिश्र थानाध्यक्ष नगरा के सफल अभियान के तहत एक युवक को तमंचा कारतूस के साथ गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है. बताया जाता है कि बुधवार को नगरा पुलिस टीम के उ0नि0 राकेश सिंह मय हमराह हे0का0 सत्यनारायण यादव, हे0का0 राजकुमार पटेल के देखभाल क्षेत्र व तलाश वांछित/वारण्टी/अभियुक्त/संदिग्ध वाहन के जांच पड़ताल में जुटे थे. इसी दौरान अभियुक्त राकेश यादव पुत्र रमाकान्त यादव निवासी ग्राम सरयां बगडौरा थाना नगरा को एक अदद तमंचा .315 बोर व दो अदद जिन्दा कारतुस .315 बोर के साथ विश्वनाथपुर नहर पुलिया बहद ग्राम खारी विश्वनाथपुर से सुबह 10 बजे पुलिस ने हिरासत में ले लिया. उसके जामा तलाशी के बाद अभियुक्त के कब्जे से एक तमंचा 315 बोर व 02 अदद जिन्दा कारतूस .315 बोर का बरामद किया. जिसे संबंधित धाराओं में निरुद्ध कर न्यायालय हेतु चालान कर दिया. गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम मे उ0नि0 श्री राकेश सिंह, हे0का0 सत्य नारायण यादव, हे0का0 राजकुमार पटेल आदि शामिल रहे।

# ताईवान में इतिहास का सबसे भयानक भूकंप





## प्रधानमंत्री मोदी बोले- हम ताइवान के लोगों के साथ

ताइवान में भूकंप से मची तबाही पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी दुख जताया। सोशल मीडिया पर पोस्ट में पीएम मोदी ने लिखा कि भूकंप में घायल हुए लोगों के जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं। हम इस मुश्किल घड़ी में ताइवान के लोगों के साथ हैं।

जापान और चीन, ताइवान को मदद देने के लिए तैयार हैं। चीनी मीडिया के मुताबिक, चीन में ताइवान मामलों पर नजर रखने वाले ऑफिस ने कहा कि वो भूकंप से हुए नुकसान से चिंतित है और ताइवान में मदद भेजने को तैयार है। चीन, ताइवान को अपना हिस्सा बताता है। वहीं, ताइवान अपने आपको स्वतंत्र कहता है।





## भूकंप की तीव्रता 7.3, 9 की मौत, 1,000 लोग घायल

**ताइपे/बीजिंग।** चीन के ताइवान में बुधवार को हुलिएन समुद्री क्षेत्र के आसपास भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। 25 साल के इतिहास में पहली बार रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 7.3 मापी गई और भूकंप से 9 लोगों की मौत हो गई तथा अन्य 1000 से ज्यादा घायल हो गए।



चीन भूकंप नेटवर्क केंद्र के अनुसार भूकंप स्थानीय समय के अनुसार बुधवार सुबह 7:58 बजे आया और भूकंप का केंद्र 23.81 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 121.74 डिग्री पूर्वी देशांतर पर 12 किमी की गहराई पर था। स्थानीय मीडिया ने अग्निशमन विभाग का हवाला देते हुए बताया कि भूकम्प की वजह से चट्टान गिरने से एक ड्राइवर की मौत हो गई, जबकि हुलिएन काउंटी में एक प्रमुख पर्यटक आकर्षण केन्द्र में अन्य तीन लोगों की जान चली गई। ताइवान की मौसम विज्ञान एजेंसी ने भूकंप की तीव्रता 7.2 मापी और इससे पहले 21 सितंबर, 1999 को विनाशकारी भूकंप आया था। पच्चीस वर्षों के बाद द्वीप पर यह सबसे शक्तिशाली भूकंप बताया गया है। स्टेट काउंसिल के ताइवान मामलों के कार्यालय के एक प्रवक्ता झू फेंग्लियान ने कहा कि वह मुख्य भूमि (मेनलैंड) की स्थिति के बारे में अत्यधिक चिंतित है और आपदा से प्रभावित ताइवान के लोगों के प्रति सहानुभूति रखते है।

प्रवक्ता ने कहा कि मुख्य भूमि आपदा राहत सहायता प्रदान करने के लिए तैयार है।प्राकृतिक संसाधन मंत्रालय चेतावनी केंद्र ने भूकंप के बाद सुनामी का अलर्ट जारी किया था, जिसे बाद में वेबसाइट से हटा लिया गया। एजेंसी के मुताबिक भूकंप की निगरानी 15.5 किमी की गहराई पर की गई। भूकंप का केंद्र हुलिएन से 25 किमी दक्षिण-दक्षिण पूर्व में स्थित था।

## भारत ने एडवाइजरी जारी की

भारत ने ताइवान में रहने वाले भारतीयों के लिए एडवाइजरी जारी की है। इंडिया ताइपे एसोसिएशन ने इमरजेंसी नंबर और ई-मेल आईडी जारी की है। 0905247906 और एडी.आईटीएएटदरेडएमईए.जीओवी.इन ताइवान में करीब 5 हजार भारतीय रहते हैं। बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक, ताइवान में 100 से ज्यादा आफ्टरशॉक आए हैं। वहीं, ताइवानी सेंट्रल वेदर ब्यूरो के मुताबिक, यह ताइवान में 25 साल में आने वाला सबसे तेज तीव्रता वाला भूकंप है।

## सोने का शौचालय चोरी में जेम्स ने जुर्म कबूला

**लंदन।** ब्रिटेन के पूर्व पीएम सर विंस्टन चर्चिल के ब्लेनहेम पैलेस से सोने का शौचालय चोरी होने के मामले में कुख्यात चोर जेम्स शीन ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। जेम्स (39) ने मंगलवार को चोरी, आपराधिक साजिश रचने और डकैती के मामले में अपना अपराध कबूल किया। अट्ठारह कैरेट वाले इस शौचालय को इतालवी कलाकार मौरिजियो कैटेलन ने बनाया था और 2019 में ब्लेनहेम पैलेस में स्थापित करने से पहले इसे पहले अमेरिका के न्यूयॉर्क स्थित सोलोमन आर गुगेनहेम संग्रहालय में प्रदर्शित किया गया था।

## महाराष्ट्र में भीषण आग, एक ही परिवार के सात लोगों की मौत

**छत्रपति संभाजीनगर।** महाराष्ट्र में छत्रपति संभाजीनगर के छावनी इलाके में एक कपड़ा दुकान में बुधवार को तड़के आग लगने से एक ही परिवार के सात सदस्यों की मौत हो गयी। पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान हमीदा बेगम अब्दुल अजीज (50), शेख सोहेल अब्दुल अजीज (35), रेश्मा शेख सोहेल शेख (22), वसीम शेख अब्दुल अजीज (30), तनवीर वसीम शेख (23), अजिम वसीम शेख (3) और परि वसीम शेख (2) के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार जिस इमारत में आग लगी थी, उसमें कुल 16 लोग रह रहे थे।

## लक्षद्वीप में दो दिवसीय 'सागर कवच' अभ्यास

**नयी दिल्ली।** देश की सभी समुद्री सुरक्षा एजेंसियों को शामिल करते हुए अप्रैल से लक्षद्वीप द्वीप समूह में दो दिवसीय अभ्यास आयोजित किया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अभ्यास के दौरान, समुद्र से उत्पन्न होने वाले असममित खतरों से निपटने के दौरान तटीय सुरक्षा तंत्र की प्रभावशीलता का सत्यापन किया गया। भारतीय नौसेना, तट रक्षक, समुद्री पुलिस, मत्स्य पालन, सीमा शुल्क और अन्य सुरक्षा एजेंसियों की संपत्तियां तटीय सुरक्षा अभ्यास - सागर कवच 01/24 में लगी हुई थीं।

## आज का इतिहास

- 1716: रुस और प्रशिया की सेनाओं ने उत्तरी जर्मनी के विस्मार पर कब्जा किया।
- 1721: रॉबर्ट वाल्पोल ग्रेट ब्रिटेन के पहले प्रधानमंत्री बने।
- 1814: नेपोलियन ने फ्रांस के सम्राट के रूप में पदार्पण किया।
- 1818: अमेरिकी संसद ने राष्ट्रीय ध्वज में लाल रंग की 13 पट्टी और 20 स्टार रखने का फैसला किया।
- 1969: सर्जन डेंटन कोलेई और डोमिंगो लिओटा ने पहले कृत्रिम हृदय को प्रत्यारोपित किया।
- 1975: बिल गेट्स और पॉल एलन ने अल्बर्ट, न्यू मैक्सिको में माइक्रोसॉफ्ट की स्थापना की।
- 1979: पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री जुल्फिकार अली भुट्टो को फांसी दी गई।

## उ. कोरिया ने हाइपरसोनिक बैलिस्टिक मिसाइल का सफल परीक्षण किया



**प्योंगयांग।** उत्तर कोरिया ने मध्यवर्ती दूरी की हाइपरसोनिक बैलिस्टिक मिसाइल का सफलतापूर्वक परीक्षण किया है। कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी (केसीएनए) ने बुधवार को अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी।

रिपोर्ट के मुताबिक उ. कोरिया ने नव-विकसित हाइपरसोनिक और ग्लाइडिंग वारहेड से भरी हुई मध्यवर्ती दूरी की ठोस ईंधन वाली बैलिस्टिक मिसाइल (जिसे ह्वासोंगफो-16बी कहा जाता है) का मंगलवार को प्रक्षेपण किया। रिपोर्ट में कहा गया है कि मिसाइल को प्योंगयांग के बाहरी इलाके में सेना की एक इकाई के प्रशिक्षण क्षेत्र में उत्तर-पूर्व की ओर प्रक्षेपित किया गया। कोरियाई प्रायद्वीप के पूर्वी पानी में सटीक तरीके से गिरने से पहले मिसाइल से अलग होने के बाद हाइपरसोनिक ग्लाइडिंग वॉरहेड तय समय के अनुसार एक हजार किलोमीटर लंबी उड़ान भरी और 101.1 किमी की ऊंचाई पर पहले शिखर और 72.3 किमी की ऊंचाई पर दूसरे शिखर पर पहुंच गया।

## नेहरू ने चीन को भारत से आगे रखा

### हमें यूएन सीट ऑफर हुई थी, लेकिन नेहरू बोले पहले चीन को दें: जयशंकर



**नयी दिल्ली।** भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बुधवार को चीन के मुद्दे पर एक बार फिर से पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की नीतियों पर सवाल उठाए हैं। जयशंकर ने कहा कि जब हमें संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में परमानेंट सीट देने की बात उठी तब नेहरू ने भारत को पीछे रखते हुए चीन को प्राथमिकता दी।

अहमदाबाद में एक कार्यक्रम के दौरान जयशंकर ने बताया कि उस वक्त नेहरू ने कहा था कि भारत इस सीट के काबिल है लेकिन पहले चीन को यूएनएससी का स्थायी सदस्य बनना चाहिए। विदेश मंत्री ने आगे कहा, आज हम इंडिया फर्स्ट की पॉलिसी अपना रहे हैं, लेकिन एक समय था जब भारत के प्रधानमंत्री चाइना फर्स्ट और इंडिया सेकेंड की पॉलिसी रखते थे। जयशंकर बोले- पटेल ने चीन पर चिंता जताई लेकिन नेहरू ने इसे खारिज कर दिया: जयशंकर ने बताया कि साल 1950 में तत्कालीन गृह मंत्री सरदार पटेल ने चीन को लेकर नेहरू को चेतावनी भी दी थी।

### हमें ज्यादातर समस्याएं विरासत में मिलीं

जयशंकर ने कहा कि केंद्र सरकार पिछले 10 सालों से जिन समस्याओं का सामना कर रही उनमें से कई हमें विरासत में मिली हैं। इनमें से कुछ समस्याओं को सुलझा लिया गया है, लेकिन कुछ पर अभी और समय लगेगा। भारत ने पहली बार 1 जनवरी 1948 को ह के सामने कश्मीर का मुद्दा उठाया था। भारत ने कहा था कि पाकिस्तानी घुसपैठिए जम्मू-कश्मीर के कुछ हिस्सों पर कब्जा कर रहे हैं। यह कानूनी तौर पर भारत का हिस्सा है और पाकिस्तान से यहां से जाने के लिए कहा जाना चाहिए।

## कठुआ गोलीबारी में गैंगस्टर और पुलिस अफसर की मौत

**कठुआ।** जम्मू-कश्मीर के कठुआ मेडिकल कॉलेज में मंगलवार रात हुए शूट आउट में एक गैंगस्टर और असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर की मौत हो गई। पुलिस को शुनू गैंग के मेंबर्स के बारे में सूचना मिली थी। जब टीम ने उनका पीछा किया तो गाड़ी में सवार गैंगस्टर्स मेडिकल कॉलेज परिसर में दाखिल हुए थे। शूटआउट रात 10.35 बजे हुआ। शूटआउट में गैंगस्टर्स को लीड कर रहा वासुदेव मारा गया, जो मर्डर केस में आरोपी था।

दो पुलिस अफसर दीपक शर्मा (32) और अनिल कुमार (40) घायल हो गए। असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर (पीएसआई) दीपक शर्मा को सिर में गोली लगी थी। अस्पताल में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। जम्मू-कश्मीर के उप-राज्यपाल मनोज सिन्हा ने दीपक शर्मा की वीरता को सलाम किया। उन्होंने कहा कि उनका यह बलिदान हमेशा हमारे दिलों में जिंदा रहेगा। सिन्हा बोले कि इस मुश्किल वक्त में सरकार और पुलिस महकमा दीपक शर्मा के परिवार के साथ है। उनका ये बलिदान हमारे दिलों में हमेशा रहेगा। शहीद दीपक शर्मा के परिवार के साथ मेरी सहानुभूति है।

## उत्तरप्रदेश पुलिस पेपर लीक का मास्टरमाइंड गिरफ्तार



**मेरठ/लखनऊ।** एसटीएफ ने यूपी पुलिस पेपर लीक मामले में मास्टरमाइंड राजीव राजीव नयन मिश्रा गिरफ्तार कर लिया है। बुधवार सुबह मुख्य आरोपी राजीव नयन मिश्रा को एसटीएफ की मेरठ यूनिट ने नोएडा से गिरफ्तार किया है। आरोपी पहले भी कई बड़े एग्जाम के पेपर लीक करवा चुका है और इसके लिए जेल भी जा चुका है। एडीजी कानून व्यवस्था अमिताभ यश ने बताया कि यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा 17 और 18 फरवरी 2024 को आयोजित कराई गई थी। एसटीएफ की मेरठ यूनिट ने इसी मामले में खुलासा करते हुए एक के बाद एक कई आरोपियों की धरपकड़ की थी। अभी तक 12 आरोपी एसटीएफ की मेरठ टीम गिरफ्तार कर चुकी है। रवि अत्री निवासी गौतमबुद्धनगर, राजीव नयन मिश्रा निवासी प्रयागराज और अभिषेक शुक्ला समेत कई लोगों ने मिलकर पेपर आउट कराया था।

## बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम मोदी को कैंसर



**पटना।** बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम सुशील मोदी कैंसर की बीमारी से लड़ रहे हैं। सोशल मीडिया पर बुधवार को उन्होंने खुद इसकी जानकारी दी है। उन्होंने लिखा- पिछले 6 महीने से कैंसर से संघर्ष कर रहा हूं। अब लगा कि लोगों को बताने का समय आ गया है। लोकसभा चुनाव में कुछ कर नहीं पाऊंगा। पीएम को सब कुछ बता दिया है। देश, बिहार और पार्टी का सदा आभार और सदैव समर्पित। सुशील मोदी गले के कैंसर से पीड़ित हैं।

## बसपा की तीसरी लिस्ट में यूपी के 12 प्रत्याशियों की घोषणा



**लखनऊ।** मायावती ने लोकसभा चुनाव के लिए यूपी के प्रत्याशियों की तीसरी लिस्ट जारी कर दी है। इसमें 12 प्रत्याशियों का ऐलान किया गया है। मथुरा से टिकट बदल दिया गया है। इससे पहले बसपा 25 प्रत्याशियों का ऐलान कर चुकी है। इस तरह बसपा यूपी की 80 में से अब तक 36 नामों का ऐलान कर चुकी है। बुधवार को जिन लोगों के नामों का ऐलान किया उनमें गाजियाबाद से नंदकिशोर पुंडीर, अलीगढ़ से हितेन्द्र कुमार उर्फ बन्टी उपाध्याय, मथुरा से सुरेश सिंह को उतारा गया है। यहां कमलकांत उपमन्यु को पहले टिकट दिया गया था। इसी तरह मैनपुरी से डा. गुलशन देव शाक्य, खीरी से अंशय कालरा रॉकी, उन्नाव से अशोक कुमार पांडेय, मोहनलालगंज से राजेश कुमार उर्फ मनोज प्रधान को उतारा गया है।

## मशहूर शेफ कुणाल कपूर को तलाक की इजाजत मिली

### दिल्ली हाईकोर्ट ने पत्नी की क्रूरता को माना आधार



**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने मशहूर शेफ कुणाल कपूर को तलाक की इजाजत दे दी है। जस्टिस सरेश कुमार कैत और जस्टिस नीना बंसल कृष्णा की डिविजन बेंच ने मंगलवार (2 अप्रैल) शेफ कुणाल को पत्नी की क्रूरता के आधार पर तलाक की याचिका मंजूर की। कोर्ट ने कहा कि कुणाल की पत्नी ने पब्लिक में सबके सामने कुणाल का अपमान किया है और सार्वजनिक तौर पर ऐसा करना क्रूरता के बराबर होता है।

बेंच ने कहा कि कुणाल के प्रति उनकी पत्नी के आचरण में गरिमा और सहानुभूति नहीं है। जब भी दो में से एक पार्टनर का ऐसा व्यवहार होता है, तो इसका फर्क उनके रिश्तों पर पड़ता है। ऐसे में उन्हें साथ रहने के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता।

### कोर्ट ने किस आधार पर पत्नी के बिहेवियर को माना क्रूरता

बेंच ने माना कि पत्नी से अलग होने के बाद भी कुणाल अपने बेटे की शिक्षा और अन्य खर्चों के लिए उनकी पत्नी की आर्थिक सहायता करते थे। उनकी पत्नी कुणाल पर पब्लिक में चिल्लाती भी थीं। कोर्ट ने माना कि कानून के मुताबिक पब्लिक में किसी भी पति या पत्नी के खिलाफ अपमानजनक और निराधार आरोप लगाना क्रूरता के बराबर होता है।

**विदाई** — खड़गे ने चिट्ठी लिखी- संसद को आपके ज्ञान की कमी खलेगी, ये एक युग का अंत

## पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह राज्यसभा से हुए रिटायर



**नई दिल्ली।** देश के पूर्व पीएम मनमोहन सिंह राज्यसभा से बुधवार को रिटायर हो गए हैं। उनकी रिटायरमेंट पर कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने भावुक होते हुए एक खत लिखा। जिसमें उन्होंने कहा कि अब आप राज्यसभा में नहीं होंगे और सक्रिय राजनीति से रिटायर हो गए। हालांकि इसके बाद भी आपकी आवाज देश की जनता के लिए उठती रहेगी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पत्र में लिखा- तीन दशकों से अधिक समय (33 साल) तक सेवा करने के बाद आज जब आप राज्यसभा से सेवानिवृत्त हो रहे हैं, तो एक युग का अंत हो गया है।

### 12 सदस्यों ने ली शपथ

शपथ लेने वाले 12 सदस्यों में बिहार से भाजपा की धर्मशीला गुप्ता, बिहार से ही राजद के मनोज झा और संजय यादव, गुजरात से भाजपा के गोविंदभाई लालजीभाई ढोलकिया, हरियाणा से भाजपा के सुभाष चंद्र बराला, हिमाचल प्रदेश से भाजपा के हर्ष महाजन, कर्नाटक से कांग्रेस के जी सी चंद्रशेखर, मप्र से भाजपा के डा. एल मुरूगन, मप्र से कांग्रेस के अशोक सिंह प्रमुख रूप से शामिल थे।

### पूर्व पीएम के साथ 54 सदस्यों का भी कार्यकाल खत्म

पीएम मनमोहन सिंह के साथ ही राज्यसभा के 54 सदस्यों का भी कार्यकाल खत्म हो रहा है। वहीं 3 अप्रैल को कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी राज्यसभा में प्रवेश करेंगी। बता दें कि केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया, पशुपालन और मत्स्य पालन मंत्री परषोत्तम रूपाला, सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर, विदेश राज्य मंत्री वी मुरलीधरन, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री नारायण राणे और सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री एल. मुरुगन का राज्यसभा का कार्यकाल मंगलवार को पूरा हो गया है। मनमोहन सिंह के राजनीतिक करियर को देखा जाए तो डॉ. सिंह 1991 से आज तक भारतीय संसद के उच्च सदन (राज्य सभा) के सदस्य रहे। वहीं उन्होंने एक नहीं दो बार देश के पीएम पद की शपथ ली।

## कश्मीर की तीनों सीटों पर चुनाव लड़ेगी पीडीपी

### नेकां ने कोई विकल्प नहीं छोड़ा: महबूबा

**जम्मू।** दिल्ली के रामलीला मैदान से इंडिया गठबंधन के नेताओं ने बीजेपी के खिलाफ हुंकार भरी थी, लेकिन जम्मू कश्मीर में पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने अपना रुख इस गठबंधन से अलग तय कर लिया है। उन्होंने कश्मीर में तीन लोकसभा सीटों पर स्वतंत्र रूप से चुनाव लड़ने की घोषणा की। इससे जम्मू कश्मीर में इंडिया गठबंधन का अंत हो गया। इंडिया गठबंधन की घटक नेका ने पीडीपी के पास कश्मीर की सभी तीन लोकसभा सीट पर उम्मीदवार खड़े करने के अलावा कोई विकल्प नहीं छोड़ा।

### फारूक ने चुनाव से की तौबा

**श्रीनगर**

नेशनल कांफ्रेंस अध्यक्ष एवं श्रीनगर से मौजूदा सांसद फारूक अब्दुल्ला स्वास्थ्य कारणों से इस बार के लोकसभा चुनाव नहीं लड़ेंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### एआई आधारित म्यूजिक ऐप

नई दिल्ली। सारेगामा ने एआई बेस्ड एक म्यूजिक लर्निंग ऐप पधानिसा लांच किया है। इस ऐप का उद्देश्य भारतीय गायन को पूरी दुनिया में हर किसी के लिए सीखने में आसान, सरल और सुलभ बनाना है। पधानिसा का लक्ष्य उन लोगों के लिए एक पर्सनल सिंगिंग टीचर बनना है, जिन्हें गाना अच्छा तो लगता है लेकिन सही स्रोत तक ना पहुंच पाने या जज किए जाने के डर से सीखने के बारे में कभी सोचा नहीं। इस ऐप का सबसे अच्छा फीचर है इसके क्लास की संरचना, जहां हर सत्र को लोगों की व्यक्तिगत जरूरतों और हरेक लर्नर के लक्ष्य के अनुसार अनूठे रूप में तैयार किया गया है। पधानिसा पर अपने विचार व्यक्त करते हुए, विक्रम मेहरा, मैनेजिंग डायरेक्टर, सारेगामा इंडिया ने कहा, 'पधानिसा सीधे तौर पर सारेगामा का ही एक विस्तृत रूप है।

### डाइकिन-जेके सीमेंट में करार

नई दिल्ली। डाइकिन एयर कंडीशनिंग और जेके सीमेंट ने भारत सरकार की स्किल इंडिया पहल का समर्थन करने के लिए एक करार किया है। इसके तहत देश के युवाओं को औद्योगिक कौशल के साथ- साथ उनको सशक्त बनाया जाएगा। इस लक्ष्य की दिशा में एक ठोस कदम के रूप में, डाइकिन और जेके सीमेंट ने संयुक्त रूप से उत्कृष्टता केंद्र एयर कंडीशनिंग - एचवीएसी से वाईपीएसवीईएफ (जेके सीमेंट की एक पहल) का उद्घाटन किया है, जो भारत के भविष्य के लिए कुशल कार्यबल को बढ़ावा देगा। यह जानकारी डाइकिन इंडिया के सीईओ और प्रबंध निदेशक, कंवल जीत जावा और जेके सीमेंट के उप प्रबंध निदेशक और सीईओ माधवकृष्ण सिंघानिया ने यहां जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में दी।

### अलसा की फेस्टिव रेंज

नई दिल्ली। परफ्यूम, इत्र व खुश्बू वाले अन्य उत्पाद बनाने वाली अलसा परफ्यूम्स ने ईद के मौके पर अपने उत्पादों की नई रेंज देश के बाजार में बिक्री के लिए उतारी है। अलसा परफ्यूम्स की नई रेंज के तहत गुलाब, लवेंडर, बेला, व अन्य फूलों से जुड़े फ्रेग्नेंस उतारे गए हैं। यहां जारी बयान में अलसा परफ्यूम्स के प्रवक्ता माज सलमान ने बताया कि फेस्टिव सीजन पर पेश की गई नई रेंज को कंपनी की वेबसाइट अलसा परफ्यूम्स के जरिये देशभर के बाजारों में पहुंचाने की तैयारी हमने की है। इसके अलावा महानगरों में प्रचार के लिए हमने स्टाल भी लगाए हैं। प्रचार के दौरान बेचे जाने वाले उत्पादों पर हम कुछ छूट भी प्रदान कर रहे हैं।

### फेविक्विक ने 4 नए वेरिएंट

नई दिल्ली। पिडिलाइट इंडस्ट्रीज लिमिटेड के इंस्टेंट एडहेसिव सोल्यूशंस के अग्रणी ब्रांड फेविक्विक ने इनोवेटिव नए उत्पादों फेविक्विक प्रिसिजन प्रो, फेविक्विक जेल, फेविक्विक एडवांस्ड और फेविक्विक क्राफ्ट को लांच करने की घोषणा की है। इन नए उत्पादों को लांच करने का उद्देश्य विभिन्न उपयोग के मामलों में उपभोक्ताओं के लिए तुरंत मरम्मत के काम में क्रांतिकारी बदलाव लाना है। नए उत्पादों की लांचिंग पर टिप्पणी करते हुए, पिडिलाइट इंडस्ट्रीज के मैनेजिंग डायरेक्टर डेजिग्नेट सुधांशु वत्स ने कहा, 'पिछले दो दशकों में, फेविक्विक इंस्टेंट एडहेसिव क्षेत्र में बाजार में अग्रणी रहा है।

### सेंसेक्स 27 अंक फिसला

मुंबई। स्थानीय शेयर बाजारों में बुधवार को लगातार दूसरे दिन गिरावट रही और बीएसई सेंसेक्स 27 अंक के मामूली नुकसान में रहा। वैश्विक बाजारों के मिले-जुले रुख और विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी के बीच चुनिंदा बैंक तथा वाहन शेयरों में मुनाफावसूली से बाजार नीचे आया। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 27.09 अंक यानी 0.04 प्रतिशत की गिरावट के साथ 73,876.82 अंक पर बंद हुआ।

### हिस्सेदारी बेचेगी जिंदल

नई दिल्ली। जिंदल स्टेनलेस का लक्ष्य इस साल सितम्बर तक जिंदल कोक में अपनी पूरी 26 प्रतिशत हिस्सेदारी का विनिवेश पूरा करने का है। कंपनी ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि पहले चरण में उसने जिंदल कोक में 4.87 प्रतिशत शेयर 36.49 करोड़ रुपये से अधिक में बेचे हैं। इन शेयरों को जेएसएल ओवरसीज लिमिटेड ने उसी कीमत पर खरीदा था। वहीं जिंदल स्टेनलेस ने स्पेन की इकाई लेबरजिंदल में बहुलांश हिस्सेदारी हासिल कर ली है। कंपनी के निदेशक मंडल ने जनवरी में इसकी मंजूरी प्रदान की थी।(एजेंसी)

# वर्ल्ड बैंक का अनुमान, 7.5% की दर से बढ़ेगी इंडियन इकोनामी

वाशिंगटन (भाषा)।

विश्व बैंक ने 2024 में भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर 7.5 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है। उसने अपने पहले अनुमान को 1.2 प्रतिशत संशोधित किया है।

विश्व बैंक ने दक्षिण एशिया वृद्धि संबंधी मंगलवार को जारी अद्यतन जानकारी में कहा कि कुल मिलाकर 2024 में दक्षिण एशिया में वृद्धि दर 6.0 प्रतिशत मजबूत होने की उम्मीद है। यह मुख्य तौर पर भारत में मजबूत वृद्धि और पाकिस्तान तथा श्रीलंका के काफी हद तक पटरी पर लौटने से संभव होगा।

रिपोर्ट के अनुसार, दक्षिण एशिया के अगले दो वर्षों तक दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ने वाला क्षेत्र बने रहने की उम्मीद है। 2025 में वृद्धि दर 6.1 प्रतिशत रहने का अनुमान है।

दक्षिण एशिया के लिए विश्व बैंक के उपाध्यक्ष मार्टिन रैज़र ने कहा, 'दक्षिण एशिया की वृद्धि संभावनाएं अल्पावधि में उज्ज्वल बनी हुई हैं, लेकिन नाजुक राजकोषीय स्थिति और बढ़ते जलवायु झटके चिंता का विषय हैं। वृद्धि को अधिक लचीला बनाने के लिए, देशों को निजी निवेश को बढ़ावा देने और रोजगार वृद्धि को मजबूत बनाने वाली नीतियां अपनाने की जरूरत है।'



**वर्ष 2024 में दक्षिण एशिया में आर्थिक वृद्धि दर छह फीसद रहने का अनुमान**

दक्षिण एशिया के लिए विश्व बैंक के मुख्य अर्थशास्त्री फ्रांज़िस्का ओहनसोरगे ने कहा, 'दक्षिण एशिया अभी अपने जनसांख्यिकीय लाभांश का पूरा लाभ उठाने में विफल हो रहा है। वह मौका गंवा रहा है।'

उन्होंने कहा कि यदि क्षेत्र अन्य उभरते बाजारों तथा विकासशील अर्थव्यवस्थाओं की तरह कामकाजी उम्र वाली आबादी के बड़े हिस्से को नियोजित करता है, तो उसकी उत्पादन क्षमता 16 प्रतिशत बढ़ सकती है। उत्पादन क्षमता बढ़ने का फायदा अर्थव्यवस्था को भी मिल सकता है।

## 10 हजार मेवा. नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता वाली पहली कंपनी बनी अडाणी

नई दिल्ली (भाषा)।

अडाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एजीईएल) ने गुजरात के विशाल खावड़ा सोलर पार्क में 2,000 मेगावाट की सौर क्षमता स्थापित की है, जिसके साथ ही वह 10,000 मेगावाट से अधिक नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता वाली भारत की पहली कंपनी बन गई है।

कंपनी बयान के अनुसार, उसके पास अब 10,934 मेगावाट का परिचालन खंड है, जो भारत में सबसे अधिक है। वित्त वर्ष 2023-24 में 2,848 मेगावाट नवीकरणीय क्षमता को स्थापित किया गया।

# भारत में साइबर अटैक के खतरे की चेतावनी

■ साइबर सुरक्षा कंपनी कैस्परस्काई ने रैनसमवेयर हमलों के प्रति किया आगाह

■ देश में पिछले साल हुए थे दो लाख के करीब रैनसमवेयर हमले
■ रैनसमवेयर हमलों की आशंका वाले शीर्ष 12 देशों में लगातार बना हुआ है भारत
■ भारत समेत दुनिया के कई देशों के लिए फाइल एन्क्रिप्शन की समस्या तीन साल से बनी हुई है

नई दिल्ली (भाषा)।

भारत में साइबर जगत में रैनसमवेयर हमलों का खतरा इस साल भी बने रहने की आशंका है। साइबर सुरक्षा कंपनी कैस्परस्काई ने बुधवार को यह अनुमान जताया। देश में पिछले साल गैरकानूनी गतिविधियों के तहत लगभग दो लाख रैनसमवेयर हमले दर्ज किए गए थे।




कैस्परस्काई के महाप्रबंधक (दक्षिण एशिया) जयदीप सिंह ने कहा कि कंपनी के कुछ अध्ययनों में पाया गया है कि उन्नत भागीदार खतरों (एपीटी) के लिए भारत लगातार शीर्ष 12 लक्षित देशों और क्षेत्रों में शामिल है। सिंह ने कहा, 'लगातार तीन साल से फाइल एन्क्रिप्शन दुनिया भर और भारत में उद्यमों और संगठनों के समक्ष शीर्ष समस्या रही है।

साल 2017 में वानाक्राई जैसे बुनियादी रैनसमवेयर हमलों से हम रैनसमवेयर 3.0 के युग में पहुंच गए हैं, जहां लक्षित उपकरणों को सेवा से बाहर कर देना, आंकड़ों की दोबारा बिक्री और सार्वजनिक ब्लैकमेलिंग के रूप में तिहरा हमला देखते हैं।' उन्होंने कहा, 'हमले के इस रूप का भारतीय कंपनियों के वित्तीय और प्रतिष्ठा पहलू पर व्यापक प्रभाव पड़ता है।' कैस्परस्काई ने वर्ष 2023 में देश में कारोबारों पर दो लाख से अधिक रैंसमवेयर हमलों का पता लगाने का दावा किया है।

## एयर इंडिया की 'फ्लाइंग रिटर्न्स' योजना में बदलाव

मुंबई (भाषा)।

एयर इंडिया ने सरल संरचना के साथ अपने 'फ्लाइंग रिटर्न्स' कार्यक्रम को नया रूप दिया है जो उसके ग्राहकों को अतिरिक्त लाभ प्रदान करता है।

एयर इंडिया ने एक बयान में कहा, एक दशक से भी अधिक समय में 'फ्लाइंग रिटर्न्स' (लायल्टी) कार्यक्रम में पहली बार बदलाव किया गया। मौजूदा सदस्यों की संख्या का खुलासा किए बिना बयान में कहा गया कार्यक्रम के सदस्य अब बुधवार से शुरू होने वाली नई संरचना के आधार पर लाभ उठा सकेंगे और अंक एकत्र कर सकेंगे।

## वर्जिन की लंदन-मुंबई उड़ान अक्टूबर से

बेंगलुरु (भाषा)।

भारत में वृद्धि की संभावनाओं से उत्साहित ब्रिटिश एयरलाइन कंपनी वर्जिन अटलांटिक अक्टूबर, 2024 से मुंबई और लंदन को जोड़ने वाली एक अतिरिक्त दैनिक उड़ान शुरू करेगी।

वर्जिन सीईओ शाई वीस ने बुधवार को कहा, 'भारत संपन्न है... यहां 'असीमित' मांग है।' एयरलाइन ने भारत में परिचालन 24 साल पहले शुरू किया था। कंपनी की फिलहाल लंदन के लिए दिल्ली से दो दैनिक उड़ानें हैं, जबकि एक-एक उड़ान मुंबई और बेंगलुरु से हैं।

# भारत अपना पहला वाणिज्यिक कच्चा तेल रणनीतिक भंडारण बनाएगा

■ नई दिल्ली (भाषा)।

दुनिया का तीसरे सबसे बड़ा तेल उपभोक्ता और आयातक देश भारत कच्चे तेल का अपना पहला वाणिज्यिक रणनीतिक भंडारण बनाने की योजना बना रहा है। किसी भी आपात स्थिति में आपूर्ति बाधा से उत्पन्न चुनौतियों से निपटने के लिए यह कदम उठाया जा रहा है।

■ किसी भी आपात स्थिति में आपूर्ति बाधा से उत्पन्न चुनौतियों से निपटने के लिए उठाया जा रहा कदम

सरकार ने देश में रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार तैयार करने और उसके परिचालन के लिए विशेष इकाई इंडियन स्ट्रैटेजिक पेट्रोलियम रिजर्व लिमिटेड (आईएसपीआरएल) का गठन किया है। इस इकाई ने कर्नाटक के पादुर में 25 लाख टन भूमिगत भंडारण बनाने के लिए बोलियां आमंत्रित की हैं। निविदा दस्तावेज से यह जानकारी मिली है।

आईएसपीआरएल ने पहले चरण में तीन स्थानों पर 53.3 लाख टन का भंडारण बनाया था। ये तीन जगह आंध्र प्रदेश में विशाखापत्तनम (13.3 लाख टन) कर्नाटक में मेंगलोर (15 लाख टन) तथा पादुर (25 लाख टन) हैं। तेल के भंडारण के लिए ये भूमिगत चट्टानी गुफाएं हैं। दूसरे चरण के तहत, आईएसपीआरएल की पादुर-दो में 5,514 करोड़ रुपए की लागत से वाणिज्यिक सह रणनीतिक भूमिगत पेट्रोलियम भंडार तैयार करने की योजना है। इसमें जमीन के ऊपर संबंधित सुविधाएं भी शामिल है। इस निर्माण कार्य में 25 लाख टन कच्चा तेल के रणनीतिक भंडार के लिए एसपीएम (सिंगल पॉइंट मूरिंग) और संबद्ध पाइपलाइन (तट पर और अपतटीय) का निर्माण शामिल हैं। पहले चरण के तहत भंडारण का निर्माण सरकारी खर्च पर किया गया है।

आईएसपीआरएल ने निविदा में कहा कि पादुर-दो का निर्माण पीपीपी (सार्वजनिक-निजी भागीदारी) मॉडल में किया जाएगा। इसमें निजी इकाइयां भंडारण का डिजाइन, निर्माण, वित्तपोषण और परिचालन करेंगी।

बोलीदाताओं से कहा गया है कि वे भंडारण के निर्माण के लिए आवश्यक वित्तीय अनुदान या उस प्रीमियम/शुल्क का बतायें जो वे प्राधिकरण को देना चाहते हैं। निविदा दस्तावेज में कहा गया है कि यह परियोजना उन इकाइयों को दी जाएगी, जो अधिक प्रीमियम/शुल्क देंगे। जहां कोई भी बोली लगाने वाला प्रीमियम की पेशकश नहीं कर रहा है, यह सबसे कम अनुदान चाहने वाले को दी जाएगी।

## मौद्रिक नीति समिति की बैठक शुरू हुई

# नतीजों का ऐलान कल

मुंबई (भाषा)। नीतिगत ब्याज दर पर निर्णय करने वाली भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की द्विमासिक समीक्षा बैठक बुधवार को शुरू हो गई। तीन दिन तक चलने वाली बैठक में केंद्रीय बैंक की एमपीसी रेपो दर के संबंध में निर्णय करेगी। रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास की अध्यक्षता वाली एमपीसी के फैसले की घोषणा शुक्रवार को की जाएगी। ऐसी उम्मीद है कि केंद्रीय बैंक एक बार फिर प्रमुख नीतिगत दर रेपो को यथावत रखेगा और मुद्रास्फीति नियंत्रण पर अपना ध्यान बनाए रखेगा। आर्थिक वृद्धि दर को लेकर चिंताएं कम होने से खुदरा मुद्रास्फीति पर ही ध्यान रहने की उम्मीद है।

यह वित्त वर्ष 2024-25 की पहली द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा है। एक अप्रैल से शुरू हुए नए वित्त वर्ष में एमपीसी की कुल छह बैठकें आयोजित होंगी। आरबीआई ने आखिरी बार फरवरी, 2023 में रेपो दर में बढ़ोतरी की थी और तब से यह लगातार 6.5 प्रतिशत पर बरकरार है। पिछली छह द्विमासिक नीतियों में रेपो दर में कोई बदलाव नहीं किया गया। गवर्नर दास की अध्यक्षता वाली समिति में शशांक भिड़े, आशिमा गोयल, जयंत आर वर्मा, राजीव रंजन और माइकल देबब्रत पात्रा भी शामिल हैं।

## रुपया तीन पैसे की गिरावट के साथ 83.45 प्रति डालर पर

मुंबई (भाषा)।

अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में बुधवार को डालर के मुकाबले रुपया तीन पैसे की गिरावट के साथ 83.45 (अस्थायी) प्रति डालर पर बंद हुआ। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और विदेशी कोषों की निकासी से रुपये की विनिमय दर में गिरावट आई।

अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 83.36 प्रति डालर पर खुला। दिन के कारोबार में यह 83.36 के उच्चस्तर और 83.45 प्रति डॉलर के निचले स्तर के बीच घट-बढ के बाद अंत में चार पैसे की गिरावट के साथ 83.45 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर बंद हुआ।

# ₹70 हजार का भाव छूने को सोना बेताब

नई दिल्ली (भाषा)।

सोने की कीमतों में बढ़ोतरी जारी है और अब सोना 70 हजार का भाव छूने को बेताब है। वैश्विक बाजारों में सोने की कीमतों में तेजी के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बुधवार को सोने का भाव 830 रुपये के उछाल के साथ 69,200 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए रिकार्ड स्तर पर पहुंच गया। सोने के भाव अब 70 हजार रुपये प्रति दस ग्राम से सिर्फ 800 रुपये दूर हैं। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी।



यह दूसरा मौका है जब इस सप्ताह सोने के दाम रिकार्ड ऊंचाई पर पहुंचे हैं। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 68,370 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 1,700 रुपये के जोरदार उछाल के साथ 80,700 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई। इससे पिछले कारोबारी सत्र में यह 79,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के शोध विश्लेषक, सौमिल गांधी ने कहा, 'विदेशी बाजारों में मजबूती के रुख से संकेत लेते हुए दिल्ली के बाजारों में हाजिर सोने की कीमत (24 कैरेट) 69,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रही थी जो पिछले बंद भाव से 830 रुपये की बढ़त है।' विदेशी बाजार, कॉमेक्स में हाजिर सोना 2,275 डालर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था, जो पिछले बंद भाव से 20 डालर मजबूत है।

जेएम फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड में ईबीजी जिंस एवं मुद्रा शोध के उपाध्यक्ष प्रणव मेर ने कहा, 'शुरुआती कारोबार में सोने की कीमतें 2,300 डालर प्रति औंस के पार जाने के साथ एक और सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गईं, जबकि एमसीएक्स के वायदा कारोबार में यह लगभग 69,500 रुपये तक पहुंच गया, क्योंकि पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने की आशंका के बीच सुरक्षित-निवेश विकल्प के रूप में सोने की मांग बढ़ रही है।'

# काला नमक चावल पर निर्यात शुल्क हटा

■ एक हजार टन चावल का शुल्क मुक्त निर्यात कर सकेंगे निर्यातक

नई दिल्ली (भाषा)।

सरकार ने छह निर्दिष्ट सीमा शुल्क केंद्रों के माध्यम से 1,000 टन तक काला नमक चावल की किस्म के निर्यात पर शुल्क हटा दिया है।

अभी तक काला नमक चावल के निर्यात पर 20 प्रतिशत शुल्क लागू था। वित्त मंत्रालय की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार, चावल की इस किस्म के 1,000 टन तक के निर्यात पर शुल्क छूट बुधवार से प्रभावी होगी।



विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने मंगलवार को निर्दिष्ट सीमा शुल्क केंद्रों के माध्यम से 1,000 टन तक काला नमक चावल के निर्यात की अनुमति दी थी। काला नमक गैर-बासमती चावल की एक किस्म है, जिसके निर्यात पर पहले प्रतिबंध था।

चावल की इस किस्म के निर्यात को छह सीमा शुल्क केंद्रों के माध्यम से अनुमति दी गई है। ये केंद्र वाराणसी एयर कार्गो; जेएनसीएच (जवाहरलाल नेहरू कस्टम्स हाउस), महाराष्ट्र, सीएच (कस्टम हाउस) कांडला, गुजरात, एलसीएस (भूमि सीमा शुल्क स्टेशन) नेपालगंज रोड, एलसीएस सोनौली, एवं एलसीएस बरहनी हैं।

## वीआई को 20,000 करोड़ रुपये जुटाने की मंजूरी

नई दिल्ली (भाषा)।

वोडाफोन आइडिया (वीआई) के शेयरधारकों ने प्रतिभूतियां जारी कर 20,000 करोड़ रुपये तक जुटाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। पूंजी जुटाने को शेयरधारकों की मंजूरी लेने के लिए मंगलवार को असाधारण आम बैठक (ईजीएम) बुलाई गई थी।

वीआईएल ने बीएसई को इसकी जानकारी दी, जिसमें '20,000 करोड़ रुपये की कुल राशि तक प्रतिभूतियां जारी करने' से संबंधित प्रस्ताव के पक्ष में कुल 99.01 प्रतिशत वोट डाले गए। यह मंजूरी ऐसे समय में मिली है जब कर्ज में डूबी कंपनी शेयर और ऋण के जरिये 45,000 करोड़ रुपये जुटाने की योजना बना रही है।

## पाकिस्तान में आर्थिक संकट

# एक करोड़ लोगों के गरीबी रेखा से नीचे जाने का जोखिम

इस्लामाबाद (भाषा)।

विश्व बैंक ने कहा है कि पाकिस्तान की आर्थिक स्थिति बिगड़ रही है। उसने आगाह किया है कि नकदी संकट से जूझ रहे देश में एक करोड़ से अधिक लोग गरीबी रेखा के नीचे जा सकते हैं।

विश्व बैंक की यह आशंका 1.8 प्रतिशत की सुस्त आर्थिक वृद्धि दर के साथ बढ़ती मुद्रास्फीति पर आधारित है जो चालू वित्त वर्ष में 26 प्रतिशत पर पहुंच गई है। विश्व बैंक ने पाकिस्तान के वृद्धि परिदृश्य पर अपनी छमाही रिपोर्ट में संकेत दिया कि देश लगभग सभी प्रमुख वृहद आर्थिक लक्ष्यों को हासिल करने से चूक सकता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि पाकिस्तान अपने प्राथमिक बजट लक्ष्य से पीछे रह सकता है। वह लगातार तीन साल तक घाटे में रह सकता है। यह अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की शर्तों के उलट है। मुद्रा कोष ने अनिवार्य रूप से अधिशेष की स्थिति की शर्त रखी हुई है।

रिपोर्ट के मुख्य लेखक सैयद मुर्तजा मुजफ्फरी ने कहा कि हालांकि पुनरुद्धार व्यापक है लेकिन यह अभी शुरुआती अवस्था में है। गरीबी उन्मूलन के जो प्रयास हो रहे हैं, वे पर्याप्त नहीं हैं। इसमें कहा गया है कि आर्थिक वृद्धि मामूली 1.8 प्रतिशत पर स्थिर रहने का अनुमान है। वहीं लगभग 9.8 करोड़ पाकिस्तानी के पहले से ही गरीबी रेखा के नीचे हैं। इसके साथ गरीबी की दर लगभग 40 प्रतिशत पर बनी हुई है।




रिपोर्ट में गरीबी रेखा के ठीक ऊपर रह रहे लोगों के नीचे आने के जोखिम को बताया गया है। इसके तहत एक करोड़ लोगों के गरीबी रेखा के नीचे आने का जोखिम है। विश्व बैंक ने कहा कि गरीबों और हाशिये पर खड़े लोगों को कृषि उत्पादन में अप्रत्याशित लाभ से फायदा होने की संभावना है।

# इस साल आम की पैदावार 14% बढ़ने का अनुमान

नई दिल्ली (भाषा)।

आईसीएआर-केंद्रीय उपोष्णकटिबंधीय बागवानी संस्थान के निदेशक टी. दामोदरन ने बुधवार को कहा कि इस साल भारत का कुल आम उत्पादन लगभग 14 प्रतिशत बढ़कर 2.4 करोड़ टन पर पहुंच सकता है। उन्होंने कहा कि भारत मौसम विज्ञान विभाग के अप्रैल-मई अवधि में लू चलने के पूर्वानुमान का आम की पैदावार पर कोई महत्वपूर्ण प्रभाव नहीं पड़ेगा, बशर्ते किसान फलों के अत्यधिक गिरने को कम करने के लिए मई के दौरान सिंचाई का ध्यान रखें।

अपने नवीनतम ग्रीष्मकालीन पूर्वानुमान में भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने तेज लू के दौर की भविष्यवाणी की है जो सामान्य दो से चार दिन के बजाय 10-20 दिन के बीच रह सकती है। दक्षिण प्रायद्वीप के अधिकांश हिस्सों, मध्य भारत, पूर्वी भारत और उत्तर-पश्चिम भारत के मैदानी इलाकों में सामान्य से अधिक गर्मी वाले दिन होने की संभावना है। दामोदरन ने बताया, 'आम में फूल (मंजर) आने की प्रक्रिया



फल लगने की प्रक्रिया का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। अनुकूल मौसम के कारण, आम में फूल आना लगभग समाप्त हो गया है। परागण सामान्य है और फल लगने शुरू हो गए हैं। सामान्य गर्मी पैदावार को प्रभावित नहीं कर सकती हैं, लेकिन अप्रत्यक्ष रूप से फसल को मदद करेगी।'

उन्होंने कहा कि आम की फसल की संभावनाएं अभी अच्छी हैं। फसल वर्ष 2023-24 (जुलाई-जून) में कुल उत्पादन बढ़कर 2.4 करोड़ टन हो सकता है, जबकि फसल वर्ष 2022-23 में यह 2.1 करोड़ टन था। दक्षिण भारत में आम का उत्पादन बंपर देखा जा रहा है, जो देश के कुल उत्पादन में 50 प्रतिशत का योगदान देता है। पिछले साल मौसम की गड़बड़ी के कारण दक्षिणी राज्यों को 15 प्रतिशत नुकसान का सामना करना पड़ा था। उन्होंने कहा कि इस साल स्थिति बेहतर है। आम भारत का एक महत्वपूर्ण फल है और इसे 'फलों का राजा' कहा जाता है। भारत एक प्रमुख आम उत्पादक देश है, जो विश्व के उत्पादन में लगभग 42 प्रतिशत का योगदान देता है।




# सलमान ने नहीं छोड़ी द बुल, फिर शुरू करेंगे शूटिंग

**मुंबई।** सलमान खान को लेकर कहा जा रहा है कि उन्होंने करण जौहर के साथ बनने वाली फिल्म द बुल से अपने कदम वापस खींच लिए हैं। गौरतलब है कि 1998 में रिलीज हुई करण जौहर की डायरेक्टोरियल डेब्यू फिल्म कुछ कुछ होता है में सलमान खान का एक्सटेंडेड कैमियो था। अब इस फिल्म के 25 साल बाद करण जौहर ने अपने प्रोडक्शन की फिल्म द बुल में सलमान खान की कास्टिंग की है। पिछले कई दिनों से फिल्मी गलियारों में चर्चा थी की डेट्स फाइनल न होने पर सलमान खान ने फिल्म छोड़ दी है, हालांकि अब प्रोडक्शन के सूत्रों की मानें तो ये खबर सरासर अफवाह है।

## लाइफ Style

# उर्वशी

## ट्रोल होने पर दी सफाई



मेट्रोमोनियल ब्रांड के ऐड को लेकर कंट्रोवर्सी में आईं एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला ने सफाई पेश की है और कहा कि उन्होंने ऐड में जो कुछ भी बोला गया, वह स्क्रिप्ट का हिस्सा था। एक्ट्रेस हाल ही में एक मेट्रोमोनियल ब्रांड के ऐड में नजर आईं। वीडियो में, उर्वशी एक्टर्स, बिजनेसमैन, सिंगर्स और क्रिकेटर्स के बारे में बात करती हैं।

एजेंसी ▶▶| मुंबई

उर्वशी कहती हैं, मैं तमाम लोगों से मिली, जिनमें बिजनेसमैन, एक्टर और कुछ क्रिकेटर्स भी हैं। कई तो ऐसे हैं जो मेरी हाइट के नहीं हैं। इस ऐड को फैंस ने क्रिकेटर ऋषभ पंत से जोड़ दिया और एक्ट्रेस को ट्रोल करना शुरू कर दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि उर्वशी ने वीडियो में बिना नाम लिए भारतीय क्रिकेटर ऋषभ पंत का मजाक उड़ाया है। अब एक्ट्रेस ने सभी ट्रोलर्स का मुंह बंद करने के लिए सफाई पेश की। उर्वशी ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर लिखा, यह ब्रांड द्वारा दी गई कॉमन स्क्रिप्ट है, न कि किसी की ओर इशारा, पॉजिटिविटी फैलाओ। जिम्मेदार होने के नाते, मैं समझती हूं कि ब्रांड के एंबेसडर के रूप में लोगों पर इसका क्या प्रभाव पड़ सकता है। वर्कफ्रंट के मुताबिक, उर्वशी इन दिनों यो यो हनी सिंह के साथ 'लव डोज 2.0' के सक्सेस को एंजॉय कर रही हैं और प्रोजेक्ट 'जहांगीर नेशनल यूनिवर्सिटी' (जेएनयू) के लिए तैयारी कर रही हैं, जहां वह एक कॉलेज राजनेता की भूमिका निभा रही हैं।

एक्ट्रेस के पास अक्षय कुमार की 'वेलकम 3', बॉबी देओल, दुलकर सलमान, नंदामुरी बालकृष्ण के साथ 'एनबीके109', सनी देओल और संजय दत्त के साथ 'बाप' (हॉलीवुड ब्लॉकबस्टर 'एक्सपेंडेबल्स का रीमेक) और रणदीप हुड्डा के साथ 'इंस्पेक्टर अविनाश 2' जैसे प्रोजेक्ट भी हैं।

## हॉलीवुड मसाला




# अरबपतियों की लिस्ट में हुई शामिल

**लॉस एंजेलिस।** अमेरिकी पॉप स्टार टेलर स्विफ्ट ने 1.1 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ पहली बार फोर्ब्स वर्ल्ड की अरबपतियों की सूची में प्रवेश किया है। टेलर स्विफ्ट, केवल अपने गीतों और प्रदर्शन के आधार पर अरबपति का दर्जा हासिल करने वाली पहली संगीतकार हैं, जिनकी अनुमानित कुल संपत्ति $1.1 बिलियन है। टेलर की नेटवर्थ करीब 35 देशों की जीडीपी से भी ज्यादा है। अपने व्यापक गीत लेखन कैटलॉग के अलावा, टेलर स्विफ्ट ने इतिहास में पहला अरब डॉलर का दौरा भी आयोजित किया है।



# मेगन ने प्लास्टिक सर्जरी पर किया खुलासा

**लॉस एंजेलिस।** हॉलीवुड स्टार मेगन फॉक्स ने बताया कि उन्होंने कौन-कौन सी प्लास्टिक सर्जरी करवाई और कब। वह बोलीं, 'जब मैं 21 या 22 साल की थी तब मैंने अपने ब्रेस्ट की सर्जरी करवाई थी। मैंने बच्चों को ब्रेस्टफीडिंग करवाने के बाद इनकी दोबारा सर्जरी करवाई। इसके बाद अब हाल ही मैंने सर्जरी इसलिए करवाई क्योंकि मेरी बॉडी पर इतना फैट नहीं था कि इम्प्लांट को छुप सके। इसलिए मुझे बदलवाकर ऐसे इम्प्लांट लगवाने पड़े, जो सेट हो सकें।' उन्होंने बताया, मैंने कभी भी किसी भी तरह का फेस लिफ्ट नहीं करवाया। न कोई मिड लिफ्ट और ना ही लेटरल ब्रो लिफ्ट। हालांकि मैं एक रेगुलर आइब्रो लिफ्ट चाहूंगी या शायद नहीं भी। मैंने कभी थ्रेडिंग नहीं करवाई और मैंने उस पर काफी रिसर्च भी किया है। मुझे ऐसा लगता है कि इसका कोई फायदा नहीं है।



# सिटाडेल में अलग तरह का एक्शन : सामंथा

**मुंबई।** एक्ट्रेस सामंथा रुथ प्रभु ने आगामी सीरीज 'सिटाडेलः हनी बन्नी' और 'द फैमिली मैन' को लेकर कहा कि इनमें एक्शन बहुत अलग तरह का है। सामंथा ने 'द फैमिली मैन' में राजी के किरदार में जो एक्शन सीन किए, उसके लिए उन्हें काफी सराहना मिली है। अपने द्वारा किए गए स्टंट पर बात करते हुए एक्ट्रेस ने सीन की तैयारियों को लेकर खुलकर बात की। सामंथा ने कहा, मैंने 'द फैमिली मैन' में राजी के किरदार के लिए जो किया, वह एक्शन के मामले में बहुत अलग है। मैं 'सिटाडेल' में एक्शन को लेकर बहुत उत्साहित हूं। उन्होंने कहा, निश्चित रूप से यह कुछ ऐसा है जो मैं अपने किरदार राजी के लिए चाहती थी। सीरीज में कुछ मुख्य आकर्षण एक्शन बिट्स हैं और मैं वास्तव में उन्हें स्क्रीन पर देखने के लिए उत्सुक हूं।



# शाहिद ने किया देवा का नया पोस्टर शेयर

**मुंबई।** शाहिद कपूर फिल्म इंडस्ट्री के सबसे बहुमुखी और प्रतिभाशाली एक्टर में से एक हैं। चाहे वह उनका लुक हो, उनकी एक्टिंग स्किल्स और धमाकेदार डांस स्टेप्स इसे दर्शकों के लिए और अधिक लुभावना बनाते हैं। अब अपनी आगामी फिल्म देवा के बारे में शाहिद कपूर ने पोस्ट शेयर किया, एक्टर ने अपने इंस्टाग्राम पर फिल्म देवा से तस्वीरें शेयर कीं। जिसे देख कर फैंस अपना उत्साह नहीं रोक सके और कमेंट बॉक्स में उमड़ पड़े। एक यूजर ने लिखा, 'डेंजरस लग रहे हैं देवा'। एक अन्य यूजर ने लिखा, 'आग बोले तो देवा'। शाहिद हाल ही में 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' में नजर आए थे। यह फिल्म एक अजब प्रेम कहानी को दर्शाने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के दायरे में उतरती है।

# प्रियंका की नई फिल्म टाइगर की रिलीज डेट आई सामने

**मुंबई।** ग्लोबल एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा आए दिन खबरों में बनी रहती हैं। इस बीच अब प्रियंका ने अपने नए प्रोजेक्ट की रिलीज डेट की घोषणा की, जिसका नाम 'टाइगर' है। इस फिल्म में उन्होंने मुख्य किरदार अंबा नाम की बाघिन को अपनी आवाज दी है। इस बीच एक्ट्रेस ने फिल्म की रिलीज डेट से पर्दा उठाया हैं। बता दें प्रियंका चोपड़ा ने फिल्म टाइगर का पोस्टर शेयर करते हुए इसकी रिलीज डेट का ऐलान किया हैं, जो कि भारत के जंगलों पर आधारित हैं। उन्होंने इंस्टाग्राम पर पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, अंबा है एक कालातीत विरासत वाला बाघ। वह अपने शावकों की इतने प्यार से देखभाल करती है कि मां और बच्चे के बीच का खूबसूरत रिश्ता इतने शानदार ढंग से चमकता है।



# हीरामंडी का गाना तिलस्मी बाहें रिलीज, सोनाक्षी ने दिखाईं अदाएं



**मुंबई।** संजय लीला भंसाली की आगामी सीरीज 'हीरामंडी' का एक और गाना बुधवार को रिलीज हो गया है। इसमें सोनाक्षी सिन्हा दर्शकों पर जादू चलाती नजर आ रही हैं। सीरीज का पहला गाना 'सकल बन' काफी पसंद किया गया। आज दूसरा गाना 'तिलस्मी बाहें' भी सामने आ चुका है। 'तिलस्मी बाहें' गाने को संजय लीला भंसाली ने कंपोज किया है। इसमें सोनाक्षी सिन्हा अपने अभी तक के सबसे अनोखे अवतार में नजर आई हैं। 'तिलस्मी बाहें' में 'फरीदन' के रोल में सोनाक्षी सिन्हा ने मुजरे को फिर से जिंदा कर दिया है। इस गाने में शिमरी गोल्डन रंग की साड़ी पहने हुए सोनाक्षी सिन्हा एक महफिल में बैठकर गाना शुरू करतीं हैं, जिसमें कई लोग उनके आसपास नजर आ रहे हैं।

घरेलू औषधि/ रेखा देशराज

# गुणों का भंडार लहसुन

अपने देश के पारंपरिक, पारिवारिक और सदियों पुराने व्यंजन से लेकर यूरोप और अमेरिका के आधुनिक मशीन निर्मित स्नैक्स तक में लहसुन का यूज हर जगह होता है। शायद ही दुनिया में किसी और मसाले या हर्ब की इतनी मांग हो, जितनी लहसुन की है। लहसुन को प्रकृति में पाए जाने वाले सबसे गुणकारी खाद्य पदार्थों में से एक माना जाता है। एक तरफ जहां लहसुन हजारों किस्म के व्यंजनों में पड़ने वाला सबसे महत्वपूर्ण और सुगंधित हर्ब है, वहीं दूसरी तरफ यह सैकड़ों तरह की बीमारियों में औषधि का भी काम करता है। यही वजह है कि हर कहीं कई तरह से लहसुन का सेवन किया जाता है।

**प्रमुख तत्वः** लहसुन में एलिसिन नाम का एक तत्व पाया जाता है, जिसकी वजह से इसमें एक तीखी गंध और इसका तीखा स्वाद होता है। लहसुन में कई पोषक तत्व पाए जाते हैं जैसे-मैगनीज, सेलेनियम, विटामिन सी, विटामिन बी6,



एंटीऑक्सीडेंट्स, मिनरल्स और सल्फर यौगिक के अलावा लहसुन में एंजोइन और एलीन कंपाउंड भी पाए जाते हैं, जो इसे एक असरदार औषधि बनाते हैं। लहसुन में संक्रमण दूर करने की अदभुत क्षमता होती है।

**औषधीय उपयोगः** लहसुन में एंटीसेप्टिक, एंटीबैक्टीरियल और एंटीइंफ्लेमेट्री गुण होने के कारण यह औषधियों की खान माना जाता है। आयुर्वेद में इसको औषधियों का राजा माना गया है। लहसुन हमें खांसी और जुकाम से बचाता है। दिल की सेहत को दुरुस्त रखता है। दिमाग की कार्य प्रणाली में सुधार करता है। पाचन को बेहतर बनाता है। इम्यूनिटी बढ़ाता है। ब्लड शुगर को नियंत्रित करता है।

स्किन में चमक और ताजगी लाता है। हमें कैंसर और अल्सर से बचाता है। आंतों में पल रहे परजीवियों यानी माइक्रोबियल बैक्टीरिया को मारता है। कोलाइटिस और गैसट्रोइंटेस्टटाइनल बीमारियों को रोकता है। हर दिन 2 से 3 लहसुन की कच्ची कलियां सुबह सबसे पहले खाने से अनेक फायदे होते हैं। *

अवेयरनेस

डॉ. माजिद अलीम

नेत्रहीनता के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए भारत में 1 से 7 अप्रैल के बीच 'अंधता निवारण सप्ताह' मनाया जाता है। इस अवसर पर यहां बता रहे हैं कि किन सावधानियों के जरिए रोगों से होने वाले ब्लाइंडनेस को रोका जा सकता है?

# सजगता से रोक सकते हैं ब्लाइंडनेस की समस्या

एक शोध के मुताबिक अपने देश में लगभग डेढ़ करोड़ लोग दृष्टिबाधित हैं। अगर पूरी दुनिया की बात करें तो ये करीब 3 करोड़ 70 लाख हैं। देश के कुल दो तिहाई अंधे व्यक्ति आंध्र प्रदेश, उड़ीसा, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान, तमिलनाडु और उत्तर प्रदेश में हैं। अंधेपन के प्रति लोगों को अवेयर करने के लिए ही 1 से 7 अप्रैल तक 'अंधता निवारण सप्ताह' मनाते हैं। इसका उद्देश्य अंधता को लेकर देशवासियों में जागरूकता बढ़ाना होता है ताकि जो लोग जन्म से अंधे हैं या किसी दुर्घटना के कारण अपनी दृष्टि खो देते हैं, आम लोग उनके प्रति संवेदनशील रहें। साथ ही अंधता के अन्य कारणों से खुद को बचाए रख सकें। इस साल यानी 2024 की थीम है, 'बींग सीन एंड हर्ड', 'उन्हें देखो और समझो' यानी दृष्टिबाधित लोगों की समस्याओं की अनदेखी न करो।

**अंधेपन के कारणः** जन्मजात और एक्सीडेंट में अपनी दृष्टि खोने के अलावा अंधेपन के प्रमुख कारण कुपोषण, ट्रेकोमा और मोतियाबिंद हैं। बच्चों में जहां अंधेपन का प्रमुख कारण विटामिन-ए की कमी होना होता है, वहीं बड़ों में इसका सबसे आम कारण मोतियाबिंद और ग्लूकोमा है। दुनिया भर में प्रत्येक वर्ष ग्लूकोमा या मोतियाबिंद से जितने लोग प्रभावित होते हैं, उनमें करीब 68 फीसदी भारतीय होते हैं। आंखों में असंतुलित दबाव का नतीजा ग्लूकोमा रोग होता है। आज भी प्रत्येक वर्ष एक लाख से सवा लाख भारतीय इस बीमारी से दृष्टि खो रहे हैं। आमतौर पर ग्लूकोमा का पता तब लगता है, जब बहुत देर हो चुकी होती है। इसलिए अकसर इसके शिकार लोगों की दृष्टि को बचाना मुश्किल हो जाता है। ग्लूकोमा को काला मोतिया भी कहते हैं। इसके चलते अचानक किसी दिन किसी आंख से दिखना बंद हो जाता है। अगर उसी समय योग्य डॉक्टर के पास पहुंच गए तो ग्लूकोमा का निदान संभव है। देर होने पर रोशनी जा सकती है।



**क्या है ग्लूकोमाः** ग्लूकोमा दृष्टि संबंधी ऐसा रोग है, जिसके शुरुआती लक्षण कभी भी नजर नहीं आते, क्योंकि इसमें अपरिवर्तनीय रूप से दृष्टि के नष्ट होने के प्रमुख कारण या चिह्न प्रदर्शित नहीं होते। आंख की कार्यक्षमता एक तरल पदार्थ की निकासी पर निर्भर करती है। इसे एक्यूअस हूमर के नाम से जाना जाता है। ग्लूकोमा के कारण या तो इस तरल पदार्थ के उत्पादन में स्थायी वृद्धि होती है या बेहद कमी हो जाती है। इस असंतुलन के कारण आंख पर पड़ते दबाव में वृद्धि होती है, जिससे रोशनी रिसीव करने वाली नस के लिए खून की सप्लाई कम हो जाती है, जिससे यह नस नष्ट हो जाती है और व्यक्ति को दिखाई देना कम होने यानी दृष्टिदोष और अंधेपन की समस्या उत्पन्न हो जाती है। यह एक ऐसी बीमारी है, जिसमें जीवनभर देखभाल और उपचार करवाने की जरूरत होती है। आंख के दबाव को नियंत्रण में रखने के लिए कोई स्थायी उपचार नहीं है।



**ऐसे होती है जांचः** ग्लूकोमा की शुरुआती पहचान के लिए तीन तरह की जांच प्रक्रिया होती है- टोनोमीटर द्वारा नेत्र दबाव की माप, ऑप्टिक डिस्क-नेत्र बिंब परीक्षण और दृष्टि के बाहरी क्षेत्र की जांच के लिए विजुअल फील्ड्स की जांच।

**ग्लूकोमा के लक्षणः** थिएटर जैसे अंधकारमय जगह पर देखने में असहजता। नजर के चश्मे के नंबर में जल्दी-जल्दी बदलाव। आंखों की बाहरी दृष्टि का कम होना। सिरदर्द, आंखों में कुछ भाग से दिखाई न देना। प्रकाश के पास इंद्रधनुषी छवि दिखना। आंखों में तेज दर्द, चेहरे में भी दर्द। वमन और जी मिचलाना। दृष्टि पटल पर अंधेरे का अहसास। आंखों में लाली। प्रकाश के चारों तरफ चमक के साथ धुंधली दृष्टि।

**उपचार के तरीकेः** ग्लूकोमा का समय पर उपचार दृष्टि को और अधिक बिगड़ने या अंधेपन से बचा सकते हैं। इसके उपचार में आई ड्रॉप्स, दवाइयां, लेजर उपचार, एर्गोन लेजर ट्रेबेक्यूलोप्लास्टी, सेलेक्टिव लेजर ट्रेबेक्यूलोप्लास्टी, ड्रेनेज इंप्लांट सर्जरी आदि शामिल हैं। यह एक ऐसी बीमारी है, जिसके एक बार उभरने के बाद इसे पूरी तरह से ठीक कर पाना तो संभव नहीं है, लेकिन इसका प्रबंधन किया जा सकता है। सर्जिकल ट्रीटमेंट के अंतर्गत वह प्रक्रिया की जाती है, जहां एक ऐसा ओपन एरिया बनाया जाता है, जिसमें आंख के तरल पदार्थ के लिए नया जल निकासी मार्ग बनाया जाता है। इससे आई प्रेशर कंट्रोल में रहता है और आंखें सुरक्षित रहती हैं। *

# किसानों के प्रति शासन का रैवया तानाशाही, नहीं चलेगी गुंडई : अजय राय




प्रखर पिंडरा वाराणसी। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व विधायक अजय राय ने कहाकि किसानों के साथ न्याय न होने तक साथ खड़ा रहूंगा। सरकार में रहता तब भी विरोध करता। क्योंकि पिंडरा मेरी कर्मभूमि रही है। बिना मेरे किसानों के सहमति के किसी की गुंडई नही चलने दूंगा। उक्त बातें गुरुवार को दोपहर बाद पिंडरा तहसील में 33 दिनों से काशी द्वार के विरोध में अनवरत धरने पर बैठे किसानों को सम्बोधित करते हुए कही। उन्होंने कहाकि सरकार गरीबो किसानों की विरोधी हैं। यह सरकार कॉरपोरेट घरानों की है। रिमोट उनके हाथ मे है। तभी किसानों की जमीन जबरन लेकर कॉपोरेट लोगों को औने पौने दामों पर बेच रही है। जबकि किसानों के जीवनयापन का एकमात्र साधन उक्त जमीन है। पूर्व विधायक ने कहाकि सरकार के खिलाफ जिसने लड़ाई लड़ी उसे जेल जाना पड़ा। लेकिन मैं एक अकेला व्यक्ति हू जो पीएम मोदी के खिलाफ ताल ठोका हू। बस आप सभी के समर्थन की जरूरत है। उन्होंने इस दौरान सभा को सम्बोधित करते हुए कहाकि आचार संहिता केवल विपक्षियों के लिए बना है। सरकार के लिए नही। यदि ऐसा न होता तो आचार संहिता लागू होने के एक पखवाड़े बाद भी करखियाव स्थित अमूल फैक्ट्री में सैकड़ो ग्रामीणों व भाजपा कार्यकताओं को लंच प्रतिदिन देने के साथ मोदी के झोले के साथ गिफ्ट भी दिया जा रहा है। यही नही उन्हें सरकारी बस से आने जाने की सुविधा भी दी जा रही है। इसके लिए आधा दर्जन से अधिक सिटी बस लगी हुई है। इसकी शिकायत आयोग से की जाएगी। उन्होंने किसानों से आह्वान किया कि जो लड़ाई किसानों ने शुरू की है उसका पूरी कांग्रेस पार्टी का समर्थन है और जरूरत पड़ी तो राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी और प्रियंका गांधी भी आएगी। उन्होंने किसानों से भूख हड़ताल में न रहने की अपील की। क्योंकि किसान मर जायेगे लेकिन सरकार सुनेगी नही। उन्होंने उदाहरण के लिए लखीमपुर खीरी की घटना का जिक्र किया। उन्होंने किसानों के हर तरह से सहयोग देने का आश्वासन भी दिया। उ0प्र0 किसान सभा और संयुक्त किसान मजदूर मोर्चा के बैनर तले आयोजित धरने की अध्यक्षता फतेहनारायन सिंह, संचालन प्रेम नट तथा धन्यवाद नंदाराम शास्त्री ने दिया। इस दौरान गोंड महासभा के प्रदेश अध्यक्ष श्रीनाथ गोंड, कामरेड नेत्री रमा ऊदल, सपा के प्रदेश सचिव पंधारी यादव,रामजी सिंह, जिलाध्यक्ष कांग्रेस राजेश्वर पटेल, उपाध्यक्ष राजीव राम, रामसनेही पांडेय, श्रीप्रकाश सिंह, राकेश सिंह , शिवशंकर शास्त्री, संतोष पटेल, अजित पटेल, ऋषिनारायन पटेल, आशीष पटेल, सुनील, सभाजीत, श्यामलाल सिंह, मेवालाल, जवाहर दुबे, जवाहर पटेल, आनन्द कुमार व रघुवर पटेल समेत की संख्या में किसान उपस्थित रहे।

## चार के खिलाफ धमकी समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज

प्रखर वाराणसी। जिले के महेशपट्टी (बेनीपुर) गांव निवासी कमलेश मौर्या ने बुधवार की देर रात मिजार्मुराद थाने में तहरीर देकर बताया कि मेरे ही गांव के गोविंद दूबे, राजा दूबे, आशा दूबे व राधा दूबे अकारण ही पुरानी रंजिश को लेकर मेरे घर पर चढ़ गए और मेरे साथ अभद्रता करते हुए गंदी-गंदी मां बहन की गालिया देते हुए मेरे घर के दरवाजे को तोड़कर क्षतिग्रस्त कर दिया।जब इन सब चीजों के लिये में और मेरा परिवार मना करने लगा तो सभी ने मुझे और मेरे परिवार को जान से मारने की धमकी देने लगे ग्रामीणों के इकठ्ठा होने पर सभी भाग निकले।इसके पूर्व भी ये लोग मेरे जमीन पर कब्जा करते मारपीट किये थे जिसमें पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज किया गया था।मिजार्मुराद थानाध्यक्ष आनंद चौरसिया ने बताया कि भुक्तभोगी के तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल किया जा रहा है।

## 95 बटालियन केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल, वाराणसी (उत्तर प्रदेश) के कमांडेंट अनिल कुमार वृक्ष द्वारा वाहिनी के जवानों को पारितोषिक वितरण



प्रखर वाराणसी। 95 बटालियन सी आर पी एफ के कमांडेंट अनिल कुमार वृक्ष द्वारा वाहिनी के स्थापना दिवस पर आयोजित विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम के सफल समापन के पश्चात आज वाहिनी मुख्यालय में पारितोषिक का वितरण किया गया। अंतर समवाय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में विजेता टीम डी / समवाय 95 रही ' पुरस्कार कंपनी कमांडर, विनोद कुमार सिंह, सहायक कमान्डेंट ने अपनी टीम के साथ प्राप्त किया। वॉलीबॉल में उप विजेता का पुरस्कार सी/95 के कंपनी कमांडर सहायक कमांडेंट ज्ञान रंजन राय ने अपनी टीम के साथ प्राप्त किया। रस्साकसी में विजेता टीम रही जी/95 जिसके कंपनी कमांडर सहायक कमांडेंट सुजॉय यादव ने अपनी टीम के साथ पुरस्कार ग्रहण किया। कैरम बोर्ड प्रतियोगिता में सी/95 विजेता तथा मुख्यालय समवाय उप विजेता रहा। बैडमिंटन प्रतियोगिता के विजेता रहे निरीक्षक कुमार राजीव और रवीश सिंह। सांस्कृतिक कार्यक्रम में उद्घोषक की उत्कृष्ट भूमिका के लिए आर्या सिंह को, आराध्या को शास्त्रीय नृत्य के लिए, अन्वेशा को एकल नृत्य के लिए, आयुषी को गजल गायन के लिए पुरस्कृत किया गया।वाहिनी के मीडिया प्रभारी प्रवीण सिंह को उनकी सराहनीय भूमिका के लिए पुरस्कृत किया गया।

## भाकियू (अ) के जिलाध्यक्ष रामचन्द्र सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ संचारी रोग नियंत्रण की चर्चा



प्रखर कुशीनगर। रामकोला विकास खण्ड के लाला छपरा में संचारी रोग नियंत्रण पर चर्चा किया गया जिसकी अध्यक्षता भारतीय किसान यूनियन (अम्बावता) के जिलाध्यक्ष रामचन्द्र सिंह ने किया। संचारी रोग के सम्बन्ध में किसानों और ग्रामीणों को संचारी रोग क्या है और कैसे यह होता है और इसको रोकने के लिए किन किन बातों का ध्यान रखना चाहिए उसके बारे में कृषि विभाग के सहायक तकनीकी प्रबंधक (एटीएम) मार्कण्डेय तिवारी द्वारा किसानों को जेई (जापानीज इन्सफ्लाइटिस), एईयस (एक्यूट इन्सफ्लाइटिस सिंड्रोम) के लक्षण, निदान, उपचार के बारे मे विस्तृत जानकारी दी गई तथा चूहे व छछूंदर से फैलने वाले रोग लेप्टोपायरेसिस, आरबीएफ,एल सीएमवी इत्यादि के बारे में विधिवत जानकारी दिया गया।वही यूनियन के जिलाध्यक्ष रामचन्द्र सिंह ने बताया की इस बीमारी के लक्षण जैसे शरीर का ताप बढ़ना, साँस लेने में परेशानी, बार-बार उल्टी होना इत्यादि होता है। यदि ऐसे मरीज मिले तो उन्हें तत्काल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर ले जाए, खाद्य सामाग्री को ढक कर रखे तथा जल जमाव वाले स्थान पर DDT, नीम ऑइल, मैलाथिएन, मिट्टी का तेल या जले हुए मोबिल का प्रयोग करें। संचारी रोग का फैलाव मार्च महीने से लेकर अक्टूबर महीने तक तीव्र होता है। इस मौके पर लालती देवी, माधुरी देवी, सुशीला देवी, सुनीता देवी, सुनीता देवी, संगीता देवी, नीता, लीलावती देवी, पलकधारी, मुन्नी देवी, धीरा देवी, आशा देवी, चन्दन कुमार, दुर्गावती देवी, शीला देवी, सुनीता देवी आदि उपस्थित रहे।

## शाहगंज के प्रसिद्ध सर्जन हो सकते हैं मछलीशहर सुरक्षित सीट से भाजपा के प्रत्याशी

### डाक्टर अभिषेक रावत भी टिकट की दौड़ में हुए शामिल, राजनीति मिली है विरासत में

प्रखर शाहगंज जौनपुर। जौनपुर जनपद की दो लोकसभा सीटों पर जहां सदर सीट पर भाजपा ने महाराष्ट्र के पूर्व गृह मंत्री कृपा शंकर सिंह पर भरोसा जताते हुए अपना प्रत्याशी घोषित कर दिया हैं।वहीं बाकी अन्य बड़ी पार्टियों ने अभी तक अपने पत्ते नही खोले। इसी खींच तान में मछलीशहर सीट जो की सुरक्षित सीट है इस सीट पर भी काफी लंबी फेहरिश्त है भावी प्रत्याशियों की इसी लिस्ट में एक नाम तेजी से उभर कर सामने सर्जन डाक्टर अभिषेक रावत का भी आरहा है कहा तो यहां तक जा रहा है की अनुसूचित वर्ग में अच्छी पैठ होने के कारण भाजपा हाईकमान इन्हें मछलीशहर से अपना उम्मीदवार बना सकती है। बताते चले डाक्टर अभिषेक रावत को राजनीति विरासत में मिली है इनके स्वर्गीय पिता पहलवान रावत 1980 के दशक में शाहगंज से विधायक रहे।इनकी माता श्रीमती अनीता रावत 2017 में मछलीशहर से भाजपा की विधायक प्रत्यासी रहीं हैं।हालांकि कांटे की लड़ाई में इन्हें पराजय का मुँह देखना पड़ा था। 2024 के आम चुनाव अब इन्ही



के ज्येष्ठ पुत्र डाक्टर अभिषेक रावत में भी मछलीशहर लोकसभा सीट से भाजपा के प्रबल दावेदार माने जा रहे हैं। बताते चले की डाक्टर रावत भाजपा की नीतियों से प्रभावित होकर डॉक्टरी पेशे में सेवा देने के साथ राजनीति में आकर लोगों की सेवा की बात करते हैं।डाक्टर रावत बताते हैं की वे मछलीशहर शाहगंज, कादीपुर, लालगंज आदि क्षेत्रों में गरीब और अनुसूचित वर्ग के मेडिकल से सम्बंधित बहुत सी सेवाए निशुल्क देते चले आरहे हैं।अभी फिलहाल नगर के जौनपुर रोड स्थित नजीराबाद में अनीता हॉस्पिटल एवं ब्लड बैंक के डायरेक्टर हैं।इनका मूल निवास मछलीशहर के ग्राम कुम्भ पोस्ट मुलकपुर मछलीशहर के मूल निवासी हैं। चर्चा हैं की मछलीशहर में पासी समाज की संख्या ढाई लाख है ऐसे में अगर जातीयसमीकरण के हिसाब से देखा जाय तो डाक्टर अभिषेक रावत अन्य दलों के जातीय समीकरण को बिगाड़ सकते हैं। खैर ये तो आने वाला समय बताएगा की भाजपा हाईकमान किसे अपना प्रत्याशी बनाता है और जनता जनार्दन किसी अपना प्रतिनिधि चुन कर देश के लोकसभा में भेजती है।

## नि:शुल्क महिला सिलाई प्रशिक्षण केन्द्र का हुआ शुभारंभ

प्रखर कुशीनगर। स्थानीय कस्बे में अनुष्ठान, पूजा एवं भागवत कथा ट्रस्ट द्वारा निःशुल्क महिला सिलाई प्रशिक्षण केन्द्र का शुभारंभ विधि विधान से पूजन अर्चन और फीता काटकर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा मंडल अध्यक्ष कुबेर स्थान मंडल परोप्रकाश सिंह गोलू बाबू ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार महिलाओं के हक, मान, सम्मान और स्वावलम्बन के लिए योजनाएं चला रही है। सिलाई प्रशिक्षण केंद्र से बच्चीयों, महिलाओं को अब दूर नहीं जाना पड़ेगा और वह अपने क्षेत्र में प्रशिक्षण प्राप्त कर आजीविका के लिए प्रेरित हो सकती हैं। विशिष्ट अतिथि साहित्यकार अवधेश शर्मा 'नन्द' ने संस्था के कार्य की सराहना करते हुए कहा कि महिलाओं को स्वावलंबी बनाना परम पुनीत कार्य है। अपनी शुभकामनाएं देते हुए डॉ नन्द ने कहा कि परोपकार की यह पौध आगे चलकर वट वृक्ष बन कर रोजगार उपलब्ध कराएगा। मुझे पूर्ण विश्वास है। अध्यक्ष भाजपा महिला मोर्चा तुर्कपट्टी मंडल श्रीमती सावित्री कुशवाहा ने कहा कि महिलाओं का उत्थान सबकी नैतिक जिम्मेदारी है। इसी क्रम में उप निरीक्षक,थाना तुर्कपट्टी विनायक यादव, ग्राम प्रधान, बलडीहा विनोद गोंड़, रामदरश कुशवाहा ने कहा कि महिलाओं के उत्थान में सबका सहयोग जरूरी है। संस्था के प्रबंधक आचार्य पं० दीपू मिश्रा ने सबका स्वागत करते हुए संस्था के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बेटियों के कौशल विकास के लिए हम संकल्पित हैं। इस अवसर पर विनय यादव, रामकिसुन शर्मा सहित ट्रस्ट के सभी सम्मानित सदस्य एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।



## 11वें देवाकान कान्फ्रेंस में जुटेंगे भारतवर्ष के प्रसिद्ध मानसिक चिकित्सक : डा.वेणु गोपाल झवर

प्रखर वाराणसी। 11वें देवाकान कान्फ्रेंस में पूरे देश के प्रसिद्ध मानसिक चिकित्सक आगामी 7 अप्रैल 2024 को हेरिटेज पैलेस वाराणसी में शिरकत करेंगे` उक्त जानकारी गुरुवार को देवा फांउडेशन के चेयरमैन डा.वेणुगोपाल झवर , ट्रस्टी देवा फाउंडेशन डा.मोहनी झवर ने मीडिया को दी। डा. वेणु गोपाल झवर ने बताया कि इस कान्फेंस में आठ अत्यंत महत्वपूर्ण विषयों पर वृस्तृत चर्चा हुई ये सारे विषय ऐसे है जो कि समाज के हर वर्ग से संबंध रखते है` हर चिकित्सक हर एक चिकित्सक से उसका सरोकार है एवं ये सारे विषय ज्वलंतशिल समस्या भी है आगे बताया कि मधुमेह विश्व की एक सबसे बड़ी समस्या है मधुमेह और मानसिक स्वास्थ्य का बहुत ही गहर संबध है ` डा.झवर ने बताया कि खराब मानसिक स्वास्थ्य से मधुमेह अथवा मधुमेह के कारण से उत्पन्न होने वाली समस्या के उपर चर्चा होगी उसी प्रकार अकेलापन एक वैश्विक समस्या है। डा.झवर ने बताया कि अकेलेपन से सिर्फ विभिन्न प्रकार के मानसिक समस्या उत्पन्न होती है और नाना प्रकार की शारिरीक समस्याएं भी होती है` भारतवर्ष में 90 करोड़ से ज्यादा




लोग मोबाइल फोन का इस्तेमाल करते है एवं 50 करोड़ से ज्यादा स्मार्टफोन का इस्तेमाल करते है इसका अत्याधिक इस्तेमाल आज लत का रूप ले चुका है इसके दुष्परिणामों एवं इलाज के उपर भी चर्चा होगी। आज संसार में चार में से एक आदमी को नींद की समस्या है अच्छी नींद न आने से कई तरह की शारीरीक और मानसिक समस्याएं उत्पन्न होती है जिसे कुछ गंभीर है इस समस्याओं और उसके निदान पर विस्तार से चर्चा होगी` उम्र के साथ हर शरीर की हर कार्य प्रणाली की गति धीमी पड़ने लगती है 60 की उम्र के बाद सेक्स संबंधी विकारों एवं उपचारों पर भी विस्तार से चर्चा होगी` उम्र के साथ मानसिक क्षमताओं जैसे सोच समझ, यादाश्त इत्यादि में कमी या गड़बड़ी आने लगती है ये निश्चित तौर पर बड़ी समस्या है स्वंय को मानसिक रूप से सृदृढ़ कैसे बनाए रखें इस विषय पर भी विस्तार से चर्चा होगी` डा.वेणु गोपाल झवर ने बताया कि हमारे शास्त्रों में कहा गया है जैसा खाए अन्न वैसा रहेगा मन हम सब जानते है कि हमारी दैनिक आहार की गुणवत्ता में निरंतर गिरावट आती जा रही है बताया कि इस कान्फ्रेंस में मानसिक विकास के लिए एवं मनोविकारों से बचने के लिए हमें किस प्रकार के भोजन करना चाहिए और क्या नहीं खाना चाहिए` डा.झवर ने बताया कि अंत में एक प्रश्नोत्तर का आयोजन किया जाएगा एवं विजेता को पुरस्कृत किया जाएगा। डा.वेणु गोपाल झवर ने बताया कि इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रो.एसएन शंखवार डायरेक्टर आइ एमएस बीएचयू, विशिष्ट अतिथि पद्मश्री प्रो केके त्रिपाठी, प्रो.एवं विभागाध्यक्ष राजीवगांधी मेडिकल कालेज,डा अनुकांत मित्तल, वर्ल्ड साइक्रेटिक एसो. डा. राजेश नागपाल, डा.अविनाश डिसूजा,डा. मलय दवे,डा.मोहनदास, डा. देवाशिष रे,डा रवि गुप्ता,डा.टी एसएस राव, डा.सविता मल्होत्रा , डा नरेश राय एवं डा.भाष्कर मुखर्जी हिस्सा लेंगे।

## जामा मस्जिद अहमद खा मंडी में मुकम्मल हुई तराबीह की नमाज, मांगी गई क्षेत्र की तरक्की के लिए दुआ



प्रखर जौनपुर। शहर के मोहल्ला अहमद खा मंडी की जामा मस्जिद में आज तरावीह की नमाज हाफिज अब्दुल हक ने अदा कराई ,इस मौके पर एक जलसे को संबोधित करते हुए हाफिज अब्दुल हक ने कहा कि समाज में सबको मिलकर रहना है और आपस में समन्वय बना कर रखना है, हर इंसान को हर बुराई से अपने आप को बचाना होगा ,हर बुरे से बुरे काम से दूर रहना होगा तभी समाज में शांति स्थापित हो सकती है, इस मौके पर सभी ने हाथ उठाकर क्षेत्र की तरक्की के लिए दुआ मांगी। मौके पर मुख्य रूप से फरीदुल हक, आले खां, इकबाल खां, निजामुल हक, ऐनुल हक, मुशीर आलम खान, सरफराज मुन्ने, हमीद, जावेद अहमद, नेयाज खां, अरशद आलम, तालिब, आतिफ, अशहद खां, मिस्टर खां, अहमद खां, एजाज खां, गोलू खान, फैय्याज खान, जासीम खान, असद खान, सैफ खान, हाफिज कैफ खान, फैज खान, माज खान, रैय्यान, अख्तर अली, अजान, विशाल, राहिल, अल्फाज अहमद, आफताब खां, आदि उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### रोटरी क्लब कुशीनगर के सदस्यों ने आपसी सद्भावना को बढ़ाने हेतु एक साथ किया इफ्तार



प्रखर कुशीनगर। अंतर्राष्ट्रीय सामाजिक संगठन रोटरी क्लब कुशीनगर के सदस्यों ने आपसी सद्भावना और भाईचारे को बढ़ाने हेतु बुधवार शाम कसया स्थित होटल कलश गेस्ट हाउस में एक दूसरे के साथ इफ्तार का आयोजन किया। रोटरी के सचिव अजय सिंह ने बताया कि रोटरी सदैव विश्व शांति और सद्भावना का संदेश देती है एवं प्रत्येक धर्म के लोगों के आस्था का सम्मान करती है। इसी क्रम में आज रोटेरियन साथियों के साथ इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर रोटरी के अध्यक्ष वाहिद अली, सचिव अजय सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजय कुमार गुप्ता, उपाध्यक्ष साहिल अहमद, उपाध्यक्ष दिनेश कुमार यादव, कोषाध्यक्ष दुर्गेश चतुर्वेदी, संयुक्त सचिव अखिलेश शर्मा, संयुक्त कोषाध्यक्ष सदरे आलम, रक्तदान संयोजक विजय कृष्ण द्विवेदी, डॉ सुनील सिंह, फैयाज खान, इम्तियाज आलम, डॉ. जेके पटेल, राजीव तिवारी, पवन अग्रवाल, आनन्द जायसवाल, डॉ. श्याम बिहारी जायसवाल, अमरेंद्र नारायण सिंह, सरवरे आलम (छोटे), वरुण कुमार यादव, मो. तौशिफ आलम खान एवं आदिल खान उपस्थित रहे।

### नेशनल इंटर कालेज का प्रवेश परीक्षा 10 को

प्रखर पिंडरा वाराणसी। क्षेत्र के ख्याति प्राप्त नेशनल इंटर कालेज पिंडरा में कक्षा 9 व 11 में प्रवेश के लिए प्रवेश फॉर्म का वितरण 9 अप्रैल तक होगा। प्रधानाचार्य जितेंद्र कुमार खरवार ने बताया कि प्रवेश फॉर्म का वितरण 9 अप्रैल तक होगा। प्रवेश परीक्षा 10 अप्रैल को सुबह साढ़े आठ बजे से होगा। प्रधानाचार्य ने बताया कि पहले फॉर्म जमा करने की तिथि 2 अप्रैल निर्धारित थी।

### गायब अधिवक्ता का सुराग न मिलने पर वकीलों ने किया प्रदर्शन



प्रखर पिंडरा वाराणसी। एक सप्ताह पूर्व फुलवरिया गेट से अपहृत अधिवक्ता सुरेन्द्र पटेल का अभी तक कोई सुराग न लगने पर गुरुवार को तहसील पिंडरा में अधिवक्ताओं ने एसडीएम व एसीपी कार्यालय पर प्रदर्शन व नारेबाजी की। विरोध में पूरे दिन न्यायिक कार्य का बहिष्कार पर रहे। सुबह अधिवक्ता भवन में तहसील बार एसोसिएशन के बैनर तले वकीलों की बैठक हुई। जिसमें अधिवक्ता के अपहरण व पता न लगाने पर शासन प्रशासन पर लगाया लापरवाही का आरोप लगाते हुए न्यायिक कार्य का बहिष्कार करने का निर्णय लिया। उसके बाद वकील जुलूस के रूप में एसडीएम कार्यालय व एसीपी कार्यालय पर प्रदर्शन कर ज्ञापन दिया। इस दौरान पूर्व बार अध्यक्ष शिवपूजन सिंह, सुभाष दूबे, श्रीनाथ गोंड , वर्तमान अध्यक्ष उदयनाथ भारती, महामंत्री चंद्रभान सिंह,पनधारी यादव, जटाशंकर मिश्रा, श्यामशंकर सिंह, राजू सिंह, अनिकेत मिश्रा, विंदु सोनकर, तेजबहादुर पटेल समेत अनेक अधिवक्ता रहे।

### काशी विद्यापीठ में मनोवैज्ञानिक परीक्षण स्किल डेवलपमेंट डेव्लपमेंट की मिड-टर्म 18 अप्रैल को

वाराणसी। मनोविज्ञान विभाग, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ में सत्र 2023-24 के मनोवैज्ञानिक परीक्षण स्किल डेवलपमेंट (NEP- 2020) के प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर के छात्रों की लिखित परीक्षा, मिड-टर्म एवं एसाइमेंट प्रर्जेटेशन 18 अप्रैल को होगा। विभागाध्यक्ष प्रो. रश्मि सिंह ने बताया कि उक्त समाज विज्ञान संकाय में अपराह्न 01 से 03 बजे तक समाज विज्ञान संकाय में होगी।

### स्कूली छात्रा को सिमेंट- मोरंग लदे पिकप ने रौंदा, मौत

प्रखर गोरखपुर। हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के कटघर - बुदहट मार्ग पर ग्राम सरैया के पास गुरुवार को साढ़े दस बजे के करीब बड़ा हादसा हो गया। स्कूल में पढ़ने आयी छात्रा अंशिका (10 वर्ष) पुत्री रमेश को एक नाबालिक पिकप चालक ने रौंद दिया। जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गयी। स्वजन एम्बुलेंस से सदर अस्पताल ले गए जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। छात्रा की मौत से स्वजनों में कोहराम मच गया। थाना क्षेत्र के गनौरी निवासी रमेश बेलदार की 10 वर्षीय पुत्री अंशिका जो कक्षा 3 में सरैया स्थित हर्ष पब्लिक स्कूल में पढ़ती है। गुरुवार को वह स्कूल पढ़ने आयी थी,, छात्रा अंशिका स्कूल के पास ही स्थित एक दुकान पर पेंसिल खरीदने जा रही थी कि तेज रफ्तार से आ रहे सिमेंट लदे पिकअप ने ठोकर मार दिया,जिससे छात्रा गम्भीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर गयी, वही आसपास के लोगो ने चालक को पकड़ लिया और घायल छात्रा के स्वजनों को सूचना दी। सूचना पर पहुंचे स्वजन बच्ची को लेकर सदर अस्पताल ले गए जहां डाक्टरों ने मृतक घोषित कर दिया।

प्रखर पूर्वांचल
RNIUPHIN/2016/68754
मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह' द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस' सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001 से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित
सम्पादकीय कार्यालयः 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोडः 233001
सम्पर्क सूत्रः 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802
सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।
ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com
सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वाचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं